हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 3 जून 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

11 पांच लाख रुपए से देवबलौदा में भवन का संधारण



11 ओए ने सेवानिवृत्तों के योगदान को सराहा



## खबर संक्षेप

### राजेंद्र पार्क की गुमटियों का आवंटन 6 जून को

**दुर्ग।** राजेन्द्र पार्क में बनी 11 गुमटियों की नीलामी प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। पहले यह 3 जून को होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। अब गुमटियों का आवंटन 6 जून को सुबह 11 बजे किया जाएगा। गुमटी नीलामी आमंत्रण की तिथि बढ़ गई है। शेष नियम यथावत रखे गए हैं। नगर निगम द्वारा गुमटी की नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति को नगर निगम द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन करना होगा। नीलामी में सफल बोली लगाने वाले को गुमटी का अधिकार मिल जाएगा, और उसे नगर निगम को निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। बोली लगाने वाले की पंजीकरण, इच्छुक व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने के लिए पंजीकरण करना होगा। एक निर्धारित राशि जमा करनी होगी। आवंटन बोली के आधार पर किया जाएगा।

### सोना-चांदी के जेवरात पार करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी उमदा निवासी भावना तिवारी परिवार के साथ बनारस गए हुए थे। अज्ञात ने मकान में घुसकर आलमारी का लाक खोलकर सोना चांदी के जेवरात पार कर लिया था। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की खोजबीन करना शुरु किया। सूचना पर पुलिस ने पीएम आवास उम्दा निवासी मोहन सागर को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उक्त मकान से जेवरात पार करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से जेवरात समेत अन्य सामान जब्त किया गया। भिलाई तीन थाना प्रभारी अम्बर सिंह भरतद्वाज समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सेक्टर-1 में हुए सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि क्वाटर नंबर 22/3 सडक एवेन्यु बी सेक्टर 1 निवासी हैडिसन को कार सीजी 07 एडब्लू 9621 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए। हैडसन को ठोकर मार दिया। हादसे में महिला को मौत हो गई।

### बेटी की मौत के बाद परिजन पहुंचे थाने

**भिलाई।** फुटबाल खेल कर साइकिल से घर लौट रहे भाई बहन को अज्ञात कार चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में भाई बहन घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरु किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी अंशिका और अंकुश आपस में दोनों भाई बहन है। 29 मई को फुटबाल खेल कर घर लौटते समय ग्राउंड के करीब मोड के पास अज्ञात कार चालक साइकिल सवार अंशिका व अंकुश को चपेट में लिया। अंशिका को गंभीर अवस्था में शंकराचार्य अस्पताल में दाखिल कराया गया था। उपचार के दौरान सोमवार को अंशिका ने दम तोड़ दिया। बेटी की मौत के बाद परिजन भट्ठी थाने पहुंचे और न्याय की मांग करते रहे।

### 6 को प्लेसमेंट कैम्प

**दुर्ग।** जिला रोजगार केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 6 जून को प्लेसमेंट कैम्प लगाया जाएगा। कैम्प सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होगा। इस प्लेसमेंट केम्प में रिलायंस निप्पोन लाईफ इंश्योरेंस के 08 पद एवं स्वीग्गी लिमिटेड के 72 पद कुल 80 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। इसमें डेव्हलपमेंट ऑफिसर के 8 पद, एचआर एक्सक्यूटिव के 2 पद एवं डिलीवरी एक्क्यूटिव के 70 पद हैं।

# चार दोस्त पिकनिक मनाने मरोदा डेम पहुंचे, दो पानी में उतरे, डूबने से मौत

## मरने वालों में एक पावर हाउस और दूसरा शिक्षित नगर का रहने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सोमवार की शाम शहर को गमगीन करने वाली खबर सामने आई। दो युवकों की मरोदा डेम में डूबने से मौत हो गई। मरने वालों में एक पावर हाउस निवासी शाहिल (25 वर्ष) और दूसरा शिक्षित नगर निवासी जुनैद (25 वर्ष) बताया गया है। दोनों अपने दो अन्य दोस्त फैजल और अविनाश के साथ पिकनिक मनाने के लिए मरोदा डैम पहुंचे थे। इस दौरान मृतक शाहिर और जुनैद पानी में उतर गए। गहराई का अंदाजा नहीं होने की वजह से वह डैम में थोड़ा आगे बढ़ गई। इस दौरान वे डूबने लगे। दो अन्य दोस्तों अविनाश और फैजल ने आसपास के लोगों से मदद मांगी। गोताखोरों को बुलाया गया, शाहिल और जुनैद को जब तक बाहर निकाला जाता, उनकी डूबने से मौत हो गई थी। सूचना पर नेवई पुलिस भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस की विवेचना की जा रही है।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल घरवालों को नहीं थी जानकारी

चारों दोस्त मरोदा डैम घूमने गए हैं, इसकी जानकारी घरवालों को नहीं थी। जुनैद और शाहिल की मौत की खबर के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों ही घर से थोड़ी देर में आने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद उनकी मौत की खबर घरवालों को मिली। पुलिस ने बताया कि घरवालों को जानकारी नहीं थी कि वे डैम में नहाने के नाम पर जाने वाले हैं। समय रहते राहत नहीं पहुंचने की वजह से दोनों युवक डूब गए।



### मरोदा डेम बना सैल्फी जोन सुरक्षा के उपाय नहीं

मरोदा डैम पिछले लंबे समय से सैल्फी जोन बना हुआ है। सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने की वजह से युवा बेखौफ होकर यहां आते हैं। सैल्फी लेते हैं, रील बनाते हैं। इस दौरान हादसे का शिकार भी हो रहे हैं। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक पिछले 5 सालों में 10 से ज्यादा मौतें मरोदा डैम में हो चुकी है। बारिश के दिनों में डैम का जल स्तर बढ़ जाता है। इस वजह से पानी की गहराई का पता नहीं चल पाता है। बावजूद इसके लोग डैम के आसपास पहुंचते हैं।

## महादेव सट्टा : पैनल चलाने वाले और मैनेज करने वालों की बड़ी गिरफ्तारी

# लोटस, बप्पा व गोविंदा पैनल में 202 म्यूल अकाउंट, 12 और गिरफ्तार, 69 पकड़े जा चुके

*ऑनलाइन महादेव सट्टा के अवैध कारोबार में भिलाई-दुर्ग पूरे देश में सुर्खियों में है। अब यहां म्यूल खाता बेचने और किराए पर चलाने का खेल शुरू हो गया है। पुलिस की जांच में जिले में 202 खातों के 69 आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ धारा 317 (2), 317(4), 318(4), 61 (2), (ए) बीएनएस के कार्रवाई कार्रवाई की है। सोमवार को वैशाली नगर पुलिस ने म्यूल खातों के मामले में 12 और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

अलग खबर

रात में गिरफ्तारी के दौरान थाने में हंगामा भी हुआ। पकड़े गए आरोपियों में राजगीर बिहार का नीतीश कुमार, वैशालीनगर का ओमप्रकाश केशवानी, स्टील नगर कैम्प 1 का पी जय कुमार, बी मोहन राव, नेहरू चौक छावनी का नीतेश प्रताप सिंह, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला का मनमीत सिंह, इंदिरा नगर सुपेला का गोपाल निर्मलकर, वैशाली नगर का सचिन खोबरागड़े, वैशाली नगर का गगनदीप सिंह, 18 नंबर का बी कार्तिक, नेहरू भवन रोड सुपेला का सूरज कुमार कुशे और अर्जुन नगर का भीखम साहू शामिल हैं। आरोपी के पास से पुलिस ने थार वाहन बीआर 01 एचएच 9046, नितीश से निखिल का पासबुक, तीन लैपटॉप, तीन मोबाइल, 9 एटीएम, आठ पासपोर्ट, दो चेकबुक जब्त किया है। घटना की शिकायत केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर परमाल सिंह सिंगोदिया ने की थी। उनके ब्रांच में 111 खाते हैं, जिसमे साइबर ठगी और ठगी के रकम 22.05 लाख को बैंक ने होल्ड कराया है।



### 20 हजार रुपए में खाता किराए पर

पुलिस ने बताया कि दबिश में पुलिस ने मकान से नीतीश कुमार पकड़ा गया। उसने दीपक कुमार विहार के साथ सट्टे की खाइवाली करना स्वीकार किया। मोनू और अन्य लोगों को सट्टे में खाता किराए पर देने के एवज में 20 हजार रुपए दिया करते थे। खाते को क्रिकेट सट्टा का उपयोग करते थे। नीतिश भिलाई दुर्ग के युवकों के खातों का उपयोग डीटीडीसी के माध्यम से म्युल खातो में करता था।पुलिस ने आरोपी नीतीश से छत्तीसगढ़ समेत बिहार के बैंक खाता पासबुक, एटीएम भी जब्त किया है।आरोपी नीतीश व दीपक को खाईवाली करने के लिए 22 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था। इसे लेकर पूर्व पार्षद ललित मोहन ने वैशाली पुलिस थाने पहुंचकर कार्रवाई को लेकर कहा कि बड़ों पर कार्रवाई न कर छोटो पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था।

### पांच करोड़ महिला के खाते में हुआ ट्रांसफर

विवेचना में वैशाली नगर पुलिस को पता चला कि खाता क्रमांक 120032845684 की धारक एवनी ब्रेसिंग ब्यूटी पार्लर संचालिका उमा शर्मा की तलाश कर पुलिस ने पहले ही उसकी गिरफ्तार किया था। उसके पूछताछ में पता चला कि उसके केनरा बैंक खातें में 3 जनवरी 2025 को करंट खाता खोला गया। इसमें आरोपिया ने सिर्फ सात सौ रुपए जमा कराए। इंटरनेट बैंकिग भी शुरू कराया गया था। उमा के खाते में फरवरी माह में 5 करोड़ के आसपास आया जो दिल्ली ट्रांसफर हुआ था। मोनू और उसके साथियों द्वारा म्यूल खाता खुलवाकर देहरादून में सट्टे का बड़ा अवैध कारोबार करने की सूचना पर पुलिस रवाना हुई थी। जहां मकान नंबर 6 गली 4 द्रोण बाटिका में मोनू दोस्तों के रुकने की सूचना पर दबिश दी गई। मोनू के साथी मकान बदलने पर भाग निकले है।

### नंदू और दिनेश पर पुलिस का शिकंजा

सूत्रों ने बताया कि नंदू रमानी महादेव सट्टे का प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का करीबी है। वह मेडिकल के आड में दो नंबर की कमाई को एक नंबर में बदल रहा है। नंदू शहर का सबसे बड़ा सटोरिया है। अरबो की संपत्ति भी अर्जित कर लिया है। इसके यहां ईडी ने दबिश भी दी थी। वहीं दिनेश सिंह नामक युवक पर भी पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है। मोबाइल दुकान की आड़ में लंबे अर्से से महादेव सट्टा का बड़ा कारोबार बेखौफ तरीके से करते आ रहा है। दिनेश सिंह का साथी छाता बांसाडीह बलिया निवासी पंकज सिंह पर बलिया यूपी पुलिस जुर्म दर्ज किया। पंकज ने बलिया पुलिस को बताया है कि दिनेश सिंह और ऋषभ सिंह दोनों के खिलाफ अवैध लेनेदेन की जानकारी दी है। दिनेश का पिछले दस सालों का रिकार्ड देखा जाए तो पूरी तरह फकड़ था लेकिन हाल में इसके पास करोड़ों की संपत्ति भी बना ली है।

### आरोपियों से की जा रही पूछताछ

म्यूल खातों को लेकर पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 22.05 लाख होल्ड कराए गए हैं। इससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। बैंक पासबुक, एटीएम, थार वाहन, लौपटाप, मोबाइल जब्त किया गया है। वैशाली नगर थाना क्षेत्र की घटना है। **-पद्मश्री तंवर,** एएसपी

# दिवंगतों को सद्गति दिलाने वाले सेवादार भी महफूज नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इंसान के मरने के बाद सद्गति दिलाने वाला मुक्तिधाम भी यदि अराजकता और अपराधियों का अड्डा बन जाए और इस पुण्य कार्य में मदद करने वाले मजदूर भी सुरक्षित न रहें तो फिर दिवंगतों के अंतिम संस्कार कहां होंगे और इसमें सहायता कौन करेगा। भिलाई के रामनगर मुक्तिधाम के इसी तरह विकट अराजक समस्या की चपेट में होने की कीमत यहां काम करने वाले भिलाई ननि के ठेका सफाई कर्मियों को चुकानी पड़ रही है। इन मजदूरों के साथ आए दिन असामाजिक व आपराधिक तत्वों द्वारा मारपीट किए जाने की वारदातें बढ़ रही हैं और पुलिस तथा निगम प्रशासन उदासीन बने हुए हैं। सोमवार को फिर तीन युवकों द्वारा झाड़ लगा रहे एक सफाई मजदूर से मारपीट कर सिर फोड़ देने से घबराए गुस्सा, मुक्तिधाम के ठेका मजदूरों ने दो तीन घंटे तक काम बंद कर पुलिस थाना में सुरक्षा की मांग कर शिकायत दर्ज कराया । महापौर, निगम कमिश्नर और विधायक से मुक्तिधाम को अराजकत तत्वों से मुक्ति दिलवाने की गुहार की। शहर के सबसे बड़े और मध्य में स्थित रामनगर मुक्तिधाम में रोज करीब पंद्रह दिवंगतों के अंतिम संस्कार होते हैं। चिता में लकड़ियां व कंडे आदि सजाने और शोकाकुलों के कार्य में हाथ बंटाने से लेकर मुक्तिधाम की सफाई आदि महती कार्यों के लिए यहां नगर निगम द्वारा आठ दस ठेका कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है। यह गरीब मजदूर अल्प वेतन में दिनभर पसीना बहाते हुए पूरी सक्रियता से अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ अरसे से इस मुक्तिधाम के अराजक और आपराधिक तत्वों की अराजक गतिविधियों का अड्डा बनने से मजदूरों व शोकाकुलों के लिए भी असुरक्षित बनता जा रहा है। असामाजिक तत्व यहां शराब, गांजा और गोलियां आदि खाकर नशे में सफाई कर्मियों से मारपीट करते रहते हैं। महीनेभर में कर्मियों के साथ मारपीट की 7 घटनाएं हो चुकी हैं। कर्मियों ने बताया कि नशे में युवा लड़के झाड़ू लगाने, चिता में लकड़ियां रचने के दौरान पत्थर व डंडे से मारपीट करते हैं।

### अराजक तत्वों से दिलाएं निजात

सोमवार को सुबह कैंप 1 के टिड्डी और 2 युवकों ने झाड़ू लगा रहे सफाई कर्मी रुपेंद्र गायकवाड़ 26 वर्ष के साथ मारपीट जिससे उसका सर फट गया और मुंह से खून बहने लगा। गुस्साएं सफाई मजदूरों ने एकजुट होकर दो घंटे काम बंद किया और वैशालीनगर थाना पहुंचकर जुर्म दर्ज करवाकर पुलिस जवानों की तैनाती की मांग की। आरोपियों ने मजदूरों से मारपीट के बाद कैंप सहित 4 अन्य स्थानों पर लोगों से मारपीट की। मारपीट करने वाले सभी नशा किए हुए थे। क्षेत्रवासियों व मजदूरों ने बताया कि लगातार वारदात होने के बाद भी पुलिस, निगम प्रशासन व मुक्तिधाम प्रभारी उदासीन बने हुए हैं। इससे सफाई कर्मियों के साथ शोकाकुल परिजनों में भी असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

# पुरानी रंजिश के चलते की थी फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुरानी रंजिश के चलते घर के सामने आकर फायरिंग करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आदर्स नगर छावनी निवासी सूरज सिंह का आरोपी रविशंकर यादव उर्फ सतनामी के साथ पुरानी रंजिश था। इस कारण घटना की रात सूरज को रवि ने कॉल कर गाली गलौज किया। उसके बाद रविवार रात को पीड़ित के घर के सामने दो बाइक में चार युवक पहुंचे थे। सूरज को आवाज देकर बुलाया गया लेकिन सूरज घर पर नहीं होने से कोई बाहर नहीं निकला। पत्नी आरोपी के हरकत को लदेखने पर तुरंत दरवाजा बंद कर दिया। आक्रोश में आकर रविशंकर यादव ने गेट के सामने हवाई फायरिंग कर फरार हो गए।



परिजनों ने बताया कि सूरज सिंह व रवि पहले मछली का कारोबार करते थे। दोनों में रकम को लेकर विवाद होने से अलग-अलग हो गए। उसके बाद से रवि रंजिश रखकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना में 4 आरोपियों को चिन्हित किया है। पकड़ने के लिए तीन अलग अलग टीम बनाई गई है। पूछताछ में बताकि आरोपी रवि शंकर ने राउंड फायरिंग करना स्वीकार किया है। उसके अन्य साथियों की तलाश में पुलिस में जुटी हुई है।

# जबलपुर वंदेभारत को ग्रीन सिग्नल, जल्द चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रायपुर से जबलपुर के मध्य प्रस्तावित वंदभारत एक्सप्रेस ट्रेन को शुरू किए जाने को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ट्रेन को रेलवे बोर्ड ने जल्द शुरू करने के लिए निर्देशित किया है। इसके बाद ट्रेन के तारीख और चीफ गेस्ट के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक किसी विशेष दिन से इस ट्रेन को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। जबलपुर या रायपुर से इसे शुरू किया जाना है, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है, लेकिन अगले महीनेभर के अंदर इसे पटरियों पर उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। जबलपुर से जल्द ही एक नई वंदे भारत ट्रेन शुरू होने वाली है जो कि जबलपुर से गोंदिया होते हुए रायपुर आएगी।

### लंबे समय से की जा रही थी डिमांड, जबलपुर से सीधे जुड़ेंगे तीन शहर, ग्रामीण क्षेत्रों को फायदा



इस ट्रेन के शुरू होने से रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे शहर जबलपुर जैसे महानगर से सीधे जुड़ेंगे। इसके अलावा आसपास के शहरों में बेमेतरा, बालोद, छुईखदान, डोंगरगांव, कांकेर जैसे क्षेत्रों के लोगों को भी जबलपुर के लिए ट्रेन पकड़ने में आसानी होगी। वे दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव जैसे स्टेशनों से ट्रेन पकड़ सकेंगे। वर्तमान में अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन घूमकर जबलपुर पहुंचती है। यह ट्रेन भोपाल तक चलती है, जो रायपुर, उसलापुर, न्यू कटनी, जबलपुर, नर्सिंगपुर, इटारसी होकर भोपाल जाती है।

### हफ्ते में 6 दिन चलेगी गोंदिया के रास्ते आएगी

रेलवे सूत्रों के अनुसार जबलपुर-रायपुर वंदे भारत ट्रेन को हफ्ते में 6 दिन चलेगी। जबलपुर से वंदे भारत ट्रेन सुबह 5 बजे रवाना होगी और 5.12 बजे मदन महल पहुंचेगी। इसके बाद 5.26 बजे कछपुरा, 6.49 बजे नैनपुर, 8.08 बजे बालाघाट, 9.10 बजे गोंदिया, 10.24 बजे राजनांदगांव, 11.12 बजे दुर्ग और 11.55 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में रायपुर से ट्रेन दोपहर 1.20 बजे रवना होगी और 2.10 बजे दुर्ग , 2.29 बजे राजनांदगांव, 3.55 बजे गोंदिया, 4.29 बजे बालाघाट, 5.44 बजे नैनपुर और फिर कछपुरा, मदन महल होते हुए रात 8.15 बजे जबलपुर मुख्य स्टेशन पहुंचेगी।

## वैशाली नगर थाने के पास ग्राउंड के किनारे पर कर रखा था अतिक्रमण

# नोटिस के बाद भी नहीं हटाया कब्जा, निगम ने चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं होने वाले 7 कब्जेधारियों के खिलाफ निगम ने सोमवार को कार्रवाई की। जेसीबी की मदद से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हटाया गया। इन कब्जेधारियों को पहले नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने अपना कब्जा नहीं हटाया। वैशाली नगर क्षेत्र के शांति नगर में नया पुलिस थाना बनाया जा रहा है। इसके चारों तरफ बाउंड्रीवालों का निर्माण किया जाना है। आधे क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल का निर्माण हो गया है। थाने से लगे हुए मंदिर के समीप से लाइन से प्रस्तावित सड़क के ऊपर अवैध कब्जा किया गया था। जमीन नजूल की है। उस क्षेत्र का सीमांकन कर निगम ने नियमतः कार्रवाई की। कब्जाधारी देवेंद्र कुमार ने अवैध कमरा बना कर रखा था।उसने शबनम बानो को किराए पर दिया था। इस दौरान कब्जेधारियों के साथ कहासुनी भी हुई। पुलिस शबनम बानो एवं एक पुरुष को पकड़कर थाने ले गए। एक अन्य कब्जेधारी का भी कब्जा हटाया गया। इस दौरान अरविंद शर्मा, शरद दुबे, अनिल मिश्रा, श्वेता वर्मा, हरिओम गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### इधर कोहका में नाले के ऊपर अतिक्रमण, बारिश के दिनों में निचली बस्तियों में भरेगा पानी, निगम के सर्वे में खुलासा



कोहका क्षेत्र में नाले के ऊपर अतिक्रमण है। निगम के सर्वे में इसका खुलासा हुआ है। कोहका क्षेत्र के साकेत नगर, कृष्ण ग्रैंड सिटी, आर्य नगर, शुभम कॉलोनी आदि क्षेत्रों में बड़े-बड़े मकान बन गए हैं। लेकिन सीवरेज, पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने से दिक्कत बढ़ गई है। बारिश के दिनों में इस वजह से निचली बस्तियों में पानी भरने की आशंका बढ़ गई है। इसके कारण सड़क, नाली, पानी निकासी प्रभावित हो रहा है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत ने बताया कि नाली बनाने के लिए बहुत सारे मकान तोड़ने पड़ेंगे। आड़ी-तिरछी नाली बनाने से पानी का बहाव बराबर नहीं होगा। हाउसिंग फ्लैट, डुप्लेक्स मकान, कृष्ण ग्रैंड सिटी, स्वयं द्वारा मकान लोग बना लिए हैं। इस क्षेत्र में लगभग 8000 से अधिक लोग निवास कर रहे हैं। अंदर ही अंदर नए-नए मकान भी बना रहे हैं। इससे दिक्कत बढ़ गई है। निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने तत्काल इस समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

ॐ

फीचर इम्पैक्ट

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग


## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN
**FOR THE SESSION 2025-26**

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
  - CSE • Civil • ET&T
  - Mechanical • Electrical
  - Artificial • Intelligence
  - & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/science/commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
  - Chemistry • Maths • Physics
  - Biotechnology • Botony • Zoology
  - Microbiology • Computer Science
  - IT • Home Science • Multimedia &
  - Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

### - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

SCAN ME

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप

### लोकनिर्माण विश्राम गृह भवन तैयार, उद्घाटन का इंतजार

**जामगांव आर।** लोकनिर्माण विश्रामगृह का भवन जामगांव आर धमतरी रोड किनारे जामगांव आर भंसुली में 80 लाख की लागत से बनकर तैयार हो गई है। लोगो की जिज्ञासा अनुरूप लोकनिर्माण विभाग के अनुभवी सीनियर एसडीओ आरके शुक्ला ने बताया कि भवन का कार्य पूर्ण हो चुका है शीघ्र ही उद्घाटन कराया जाना है।

## निधन

### राधा मोहन मिश्रा



**भिलाई।** कोसानगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार राधामोहन मिश्रा (63 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। वे वरिष्ठ पत्रकार स्व. कृष्णकांत मिश्रा के पुत्र थे। पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार पर परिजन व पत्रकार उपस्थित थे।

### पं. अरुण कुमार दुबे



**भिलाई।** बीएसपी के भूतपूर्व अधिकारी पं. अरुण कुमार दुबे का निधन 2 जून को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जून को उनके निवास द्वारिका भवन, सुंदर नगर, कोहका से सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अर्चना मिश्रा, नीता मिश्रा व पं.संतोष दुबे के पिता एवं पं.स्वदेश शुक्ल व जयेश शुक्ल के मामा थे।

### कमला डोरले



**भिलाई।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज विदाई दुर्गा के अध्यक्ष राजेंद्र धोते की माता कमला डोरले का निधन 2 जून को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जून को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### इंजीनियर की लापरवाही और विभाग की कामचोरी के कारण विकास अटका

# सात साल से चल रहा अंडा-रनचिरई मार्ग का काम, सिरसिदा में भारी अनियमितता

संजय साहू ⏭ अंडा

लोक निर्माण विभाग दुर्ग एडीबी द्वारा ग्राम अंडा से रनचिरई मार्ग का निर्माण विगत सात वर्षों से चल रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत सिरसिदा के लीला चौक के पास सड़क निर्माण व नाली निर्माण में भारी अनियमिता पाई गई है जिसकी शिकायत बार-बार करने के बावजूद विभाग व सड़क निर्माण के इंजीनियर रितेंद्र गजपाल द्वारा कोई उचित निर्णय नहीं लिया जा रहा है जिसके कारण आज तक सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है।

इंजीनियर की लापरवाही व विभाग की कमजोरी के कारण गांव का विकास रुका हुआ है। व्यक्ति विशेष को उचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उनका मुआवजा तीन बार बढ़ाया गया है फिर भी बिना कोई मापदंड के कार्य को संपादित किया जा रहा है। इसमें इंजीनियर कमीशन लेकर एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए सड़क व नाली निर्माण की चौड़ाई को कम कर दिया गया है।

**नालियों के निर्माण में की जा रही गड़बड़ी, मानकों का पालन नहीं**



जिसकी शिकायत जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरूषोतम चंद्राकर, सिरसिदा सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर ने अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे को सुशासन तिहार के अवसर पर अवगत कराया गया था। जिसमें अनुविभागीय दंडाधिकारी के द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उचित कार्रवाई के लिए दिशा निर्देशित किया गया था, लेकिन फिर भी इंजीनियर की लापरवाही व कार्य को बिना कोई माप दण्ड के किया जाना सामने नजर आता हैं। ग्रामीण शिकायतकर्ता अक्षय, प्रहलाद, राजकुमार, विकास, सौरभ सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### इंजीनियर ने कराया समझौता



“ पुरूषोत्तम चन्द्राकर ने कहा कि इस नाली निर्माण के ठेकेदार के द्वारा लापरवाही किया जा रहा है जिसे ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच को नहीं पूछने के कारण यहां विवाद उत्पन्न हुए, उसके डिपार्टमेंट के इंजीनियर के द्वारा समझौता करवाया गया जिससे सब लोग संतुष्ट हो गये।

**पुरुषोत्तम चंद्राकर,** अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही

### बरसात के पहले कराए काम



“ ग्राम सरपंच सरस्वती इन्द्र जीत चन्द्राकर ने कहा कि यहां कार्य सात साल हो गए हैं। एडीबी द्वारा बारीश के पहले जल्द से जल्द किया जाये , बरसात में गांव वालों को बहुत दिक्कत हो जायेगा। नहीं तो ठेकेदार और इंजीनियर के ऊपर कार्यवाही किया जायेगा।

**सरस्वती चन्द्राकर,** ग्राम पंचायत सिरसिदा सरपंच

### पांच लाख रुपए से देवबलौदा में भवन का संधारण

**भिलाई।** भवन संधारण के लिए पांच लाख रुपए का विकास कार्यो का भूमिपूजन देवबलोदा में पार्षद भारती राम सूर्यवंशी ने किया है। इस दौरान



रविवार को मिडिल स्कूल देवबलोदा में भवन संधारण (मरम्मत) कार्य के लिए और स्कूल ग्राउंड में चेकर पत्थर लगाने नारियल फोड़ भूमिपूजन किया गया। पार्षद भारती राम सूर्यवंशी ने कहा कि जनता के सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। लंबे समय समय से उक्त भवन जर्जर पड़ा हुआ था। जिसके संधारण के लिए प्रयासरत थी। भूमिपूजन में प्रदेशा सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेस राम कुमार सूर्यवंशी ,शिवकुमारी यादव, विशाल चंद्राकर और स्कूली शिक्षक, शिक्षिकाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

### 5वीं व 8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षा से पालक-बालक, शिक्षक में बढ़ेगी सजगता

**जामगांव आर।** लंबे वर्षों बाद 5वीं व 8वीं का बोर्ड पैटर्न में वार्षिक परीक्षा शिक्षा विभाग ने लिया। परिणाम काफी विलंब से शनिवार को



विद्यालयों को वितरित की गई। परिणाम प्राप्त होते ही सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने विद्यालय स्तर पर कक्षा 5वीं व 8वीं के टाप फाइव विद्यार्थियों की घोषणा किया जिसमें 8वीं में तान्या साहू 91.83 प्रतिशत, उपासना साहू 86.5 प्रतिशत, तन्नू साहू 86 प्रतिशत, साहित्य पटेल 71.17 प्रतिशत, प्रभाकर 71 प्रतिशत एवं 5वीं में पूर्वी बंजारे 77 प्रतिशत, नूतन ठाकुर 74.5 प्रतिशत, दीपांशु साहू 73.5 प्रतिशत, खुशांत पटेल 71 प्रतिशत और ख्याति निर्मलकर 70.5 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय माता-पिता को गौरवान्वित किए। प्राचार्य पीएल बारले ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए। 5 वी का वार्षिक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत और 8वीं में 5 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता मिली। सशिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि 5 वीं, 8 वी बोर्ड पैटर्न परीक्षा से पालक बालक शिक्षक में सजगता बढ़ेगी और अच्छे आयेंगे परिणाम। वहीं जून 2025 के प्रथम सप्ताह में 5वीं, 8वीं एवं 10वीं के विद्यालय स्तर पर टाप फाइव विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया जाएगा।

## अंचल की खबरें

### समरालु पूजन में शामिल होने रवाना हुए देवेंद्र



**भिलाई।** आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के तटवर्ती गांव मेट्टूरु में माता कोण्ड महाकाली माता का उत्साव मनाया जा रहा है। इन उत्सवों को यहां की प्रान्तीय भाषा में सम्बरालू कहा जाता है। सम्बरालू एक तरह से माता प्रकृति व ग्राम देवता व अन्य अदृश्य व अलौकिक शक्तियों को मानव जीवन को सुख समृद्धि आयु आरोग्य व फसलों की समृद्धि हेतु देवी देवता को प्रत्यक्ष रूप से कृतज्ञता दर्शाना है। मेट्टूरु में अपरिहार्य कारणों से 9 वर्षों बाद मनाया जा रहा है। आयोजन में शामिल होने भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव सोमवार को आंध्र प्रदेश के समरालू कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हुए। वे पुरी-अहमदाबाद ट्रेन से रवाना हुए। देवेंद्र ने बताया कि उन्हें आंध्र समाज द्वारा समरालू कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। देवी पूजा के दौरान वे भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना करेंगे। उन्हें छोड़ने एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू भी स्टेशन पहुंचे।

### ओए ने सेवानिवृत्तों के योगदान को सराहा



**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मई महीने में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर आयोजित हुआ। में किया गया। समारोह मे सेफी चेयरमेन व ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीजीएम अनिल कुमार जोशी, जीएम (माइंस) एसपी मंडावी, एडिश्नल सीएमओ डॉ. शाईला जेकब, एस बलराज, जीएम जॉनी कुट्टी टी, सुंदर मोहन सरदार, अंजन चटर्जी, डीजीएम डॉ. निरंजन साहू, डिप्टी सीएमओ जयश्री मोहंती, सीनियर डिप्टी डायरेक्टर अनिल कुमार सिंह, एजीएम युगल किशोर ढोके, रामअवतार मारकंडे, शादाब आलम खान, सीनियर मैनेजर डॉ. गणेश के मंतापुरवर, स्पेशलिस्ट गीता पिल्लई, सीनियर मैनेजर कामता सिंह, सुदर्शन लाल तामुरकर, मैनेजर गुहाराम उके, आनंद कुमार वर्मा, एस मनोज कुमार का सम्मान किया गया। सभी को श्री बंछोर ने पौधे व सम्मान राशि भेंटकर सम्मानित किया। पौधे एवं सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित किया। सेवानिवृत्तों ने अपने सेवा काल के अविस्मरणीय अनुभवों को साझा किया। श्री बंछोर ने उद्बबोदन में सेवानिवृत्ति अधिकारियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि बीएसपी द्वारा जो उपलब्धियां हासिल की थी उनको को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। कार्यक्रम में परविंदर सिंह आभार प्रदर्शन व संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर जोनल प्रतिनिधि प्रदीप मेनन, निखिल पेठे, विजय कुमार देशमुख, मिलिंद कुमार बंसोड़, डीपीएस बरार, एमआरए शरीफ, बीएस मान, शैलेश कुमार मालवीय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी गण उपस्थित थे।

# WORLD BICYCLE DAY


आज दुनिया भर में **विश्व साइकिल दिवस** या **वर्ल्ड बाइसाइकिल डे** मनाया जा रहा है. इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा में वर्ष 2018, अप्रैल में की गई थी. तब से लेकर आज तक 3 जून को यह दिन सेलिब्रेट किया जा रहा है. साइकिल ना सिर्फ एक सस्ता साधना है, बल्कि इसे चलाना स्वास्थ्य के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होता है. साइकिल से आप तुरंत ही आसपास की जगहों पर जा सकते हैं. इससे वातावरण को भी कोई नुकसान नहीं होता है, साथ ही आपकी हड्डियां, मसल्स, हार्ट तो स्ट्रॉन्ग बनते ही हैं, वजन भी कम होता है. जो लोग अपनी सेहत के प्रति अलर्ट रहते हैं, वे साइकिल खूब चलाते हैं. आइए जानते हैं रोज साइकिल चलाने से सेहत को क्या फायदे हो सकते हैं.



**रोजाना साइकिल चलाने के फायदे**

हेल्थलाइन डॉट कॉम में छपी एक खबर के अनुसार, साइकिल चलाना एक कम प्रभाव वाला एरोबिक व्यायाम है, जो सेहत को कई तरह से फायदे पहुंचाता है. हर कोई साइकिल चलाकर खुद को फिट और हेल्दी रख सकता है, क्योंकि यह तीव्रता यानी इंटेंसिटी में भी अलग होता है. आप परिवहन के आसान, सस्ते साधन के रूप में और कैजुअल एक्टिविटी के लिए साइकिल चला सकते हैं. साइकिल चलाना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो आपको एक्टिव रखती है. इससे आप शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से एक हेल्दी लाइफस्टाइल जी सकते हैं.









## खबर संक्षेप

### विधायक निधि से बनेगा अतिरिक्त कक्ष

**दुर्ग।** परगना ढीमर समाज के भवन में विधायक निधि से अतिरिक्त कक्ष बना गया है। जिसका आज विधायक गजेन्द्र यादव ने समाज के वरिष्ठजनों के साथ लोकार्पण किये। विधायक गजेन्द्र से समाज के नागरिकों ने वार्ड भ्रमण के दौरान मांग किये थे, जो सिर्फ छह माह में पूरी हो गई। इस दौरान उपस्थितजनों को विधायक गजेन्द्र ने समाज के विकास हेतु शासन द्वारा उनके उत्थान हेतु कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने जानकारी दिए। विधायक ने कहा समाज का भवन उनके आर्थिक, सामाजिक एवं जनचेतना का केन्द्र होता है। भवन में शादी ब्याह, सामाजिक एवं सुख दुख के सभी प्रकार के आयोजन होंगे। उन्होंने समाज के युवक युवतियों से शिक्षा के क्षेत्र आगे बढ़ने प्रेरित किये। ढीमर समाज के पदाधिकारी द्वारा किये गए मांग सिर्फ छह माह में पूरी होने पर उन्होंने जोरदार स्वागत किये और सरकार का आभार जताये। समाज के विकास को लेकर चर्चा किये। इस दौरान समाज के अध्यक्ष दासु ढीमर, राजकुमार ढीमर, जगमोहन ढीमर, दिलीप ढीमर, कमलेश फेकर, टूमन ढीमर, महेश सार्वा, किशोर अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों और महिलाओं को मिलेगा बेहतर पोषण



**दुर्ग।** विकास खण्ड के सिरसा खुर्द वार्ड क्रमांक 9 में नवीन आंगनबाड़ी का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि प्रेमसागर चतुर्वेदी, दुर्ग जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र यादव, परियोजना अधिकारी उषा झा, जनपद सदस्य संतोष निषाद एवं रजनी साहू, लक्ष्मी कुंभकार, ग्राम पंचायत सिरसा खुर्द की सरपंच भुवनेश्वरी कुर्रे, जिला कार्यकारिणी सदस्य सच्चिन राजपूत एवं आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक ममता साहू उपस्थिति रही। मुख्य आतिथ्य ने कहा, नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र से क्षेत्र के बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# हितग्राहियों के परिवार को काम, बाकी जॉब कार्डधारी कहां जाएं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत के सामान्य सभा में कांग्रेस सदस्यों ने सत्तापक्ष को कटघरे में खडे कर दिया। सभा में मनरेगा के तहत काम नही मिलने का मामला गर्माया रहा, सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी ने कहा, पीएम आवास के हितग्राहियों के परिवार को रोजगार मिल रहा है तो शेष जाब कार्डधारी परिवार कहां रोजगार के लिए जाएंगे, इसके आलावा जल जीवन मिशन और धान उठाव नही होने का मुद्दा भी सभा में गर्माया रहा।

सदस्यों ने मनरेगा के कार्यों में मानव दिवस सृजन का लक्ष्य बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने कहा कि, मनरेगा में सभी जाब कार्डधारी को अनिवार्य रूप से रोजगार मिलना चाहिए। जबकि अधिकांश मनरेगा मजदूरों रोजगार ही नहीं मिल रहा है। जिन्हें रोजगार उपलब्ध कराने मानव दिवस बढ़ाने का प्रस्ताव लिया गया। विधायक प्रतिनिधि आशोक साहू ने धान संग्रहण केन्द्र में भंडारण व उठाव की जानकारी मांगी। लेकिन जिम्मेदार अफसर गायब रहे, जबकि उपस्थित कर्मचारी जवाब ने दे पाए। उन्होंने पीएचई द्वारा पाइप लाइन डालने सड़क किनारे खोदे गए गड्ढो को सही ढंग से नहीं भरने का मुद्दा उठाया, वहीं ग्राम भनसुली में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम निर्माण की गुणवत्ता सही नहीं होने व निर्माण हो रहे विलंब को लेकर नाराजगी जाहिर किया।

## सामान्य सभा में मनरेगा, जल जीवन मिशन और धान के मुद्दे में घिरे अफसर

### भाजपा सदस्य ने कहा मीडिया से दूरी ठीक नहीं

भाजपा के सदस्य जितेन्द्र यादव ने सदन में मीडिया से दूरी के मुद्दे पर भी नाराजगी जताई। उन्होने कहा सामान्य सभा में मीडिया के प्रवेश को रोकना गलत है। गौरतलब है कि, कांग्रेस के सत्ता में सामान्य सभा के दौरान मीडियों को प्रवेश की अनुमति थी। कांग्रेस सदस्य दानेश्वर साहू ने कहा, उनके जिला पंचायत क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कन्हारपुरी-जाताधर्रा मार्ग निर्माण का भूमि पूजन हुआ। इसमें क्षेत्र का जिला पंचायत सदस्य होने के बावजूद उन्हें नहीं बुलाया गया। इस पर विभागीय अधिकारी ने भविष्य में ऐसा नहीं होने की बात कही, उन्होंने क्षेत्र के एक गैस एजेंसी द्वारा गांवों तक सिलेंडर नहीं ले जाने की शिकायत करते मामले में कार्रवाई का मुद्दा उठाया।




### पंचायत सचिवों के तबादले पर मचा रहा बवाल

दानेश्वर ने धमधा क्षेत्र आधा दर्जन से अधिक पंचायत सचिवों का अच्छा काम के बाद भी बिना शिकायत स्थानांतरण कर दिए जाने का मामला उठाया, जिस पर जमकर बवा मचा रहा। इस पर जिला पंचायत के अधिकारी ने कहा कि, जनपद के प्रस्ताव के आधार पर यह किया गया। श्री साहू ने इस पर प्रस्ताव की कापी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने पीएचई विभाग द्वारा दर्जनो नवीन प्वाइंट पर गर्मी गुजर जाने के बावजूद बोर खनन नहीं होने का मुद्दा उठाया। अधिकारी ने कहा कि विभाग के पास जीआई केसिंग पाइप नहीं होना कहा। कहा ऊपर से अनुमोदन नही मिला, जिसके चलते बोर खुदाई नही हुई। नाराज सदस्यों ने ठेकेदारों को जिला पंचायत के अनुमोदन पर ही भुगतान करने की बात कही। श्री साहू ने पीएचई के ईई की अनुपस्थिति व उचित जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी जताते कार्रवाई किए जाने मांग की, वहीं सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने पीएम आवास में निर्माण की राशि बढ़ाकर तीन लाख करने मांग की हैं।

## सभा : संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए कांग्रेसी, राजीव भवन में हुई सभा

# भूपेश ने कहा- कांग्रेस भवन में घुसकर उपद्रव, फिर भी नहीं हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार पर जमकर बरसे। दुर्ग के राजीव भवन में दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस, दुर्ग शहर कांग्रेस, भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संविधान बचाव रैली में जिलेभर के हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता वह जनप्रतिनिधि पहुंचे। उन्होने पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए कई सवाल भी किए। रैली राजीव भवन से पांच कंडिल, मोती कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड होते हुए हिंदी भवन के सामने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली समाप्त हुई।

भूपेश बघेल ने कहा कि, झीरमघाटी के घटना के दौरान उनके साथ भाजपा कार्यालय के सामने युवा कांग्रेस प्रदर्शन कर रही थी, उस दौरान 11 से अधिक लोगों के उपर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दिया, जबकि हाल ही में भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में घुसकर कुर्सी तोडफोड और जमकर उपद्रव किए, इसके बाद भी उन पर कोई कार्यवाही नही की गई। उन्होने कहा नेताओं के इशारे पर कानून चलेगी क्या।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा जिनका देश की आजादी प्रदेश के निर्माण में कोई योगदान नहीं वह संविधान बदलने की बात करते हैं। केंद्र में बैठी सरकार जनता के विपरीत कार्य कर रही है, संविधान के विपरीत कार्य कर रही है। संविधान के तीन अंग विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका है, इनको निष्पक्षता से कार्य करने की आजादी देश का संविधान देता है, लेकिन भाजपा सरकार लोकसभा में विपक्ष के सांसदों को विधायकों को बोलने नहीं दिया जा रहा है। राज्यसभा में प्रतिपक्ष नेता मल्लिका अर्जुन खडगे के बोलने पर म्यूट कर दिया जाता है। राहुल गांधी बोलते हैं तो उनकी बातों को लिपिबद्ध नहीं किया जाता है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अयुब खान सहित अन्य वरिष्ठ नेता व प्रतिमा चंद्राकर, शंकर लाल ताम्रकार, बदरुद्दीन कुरैशी, धर्मेंद्र यादव, आरएन वर्मा, अल्ताफ अहमद, जितेंद्र साहू, दीपक दुबे, धीरज बाकलीवाल, अश्वनी साहू, राजेश यादव , मदन जैन, राजकुमार नारायणी, बृजमोहन सिंह सहित अन्य थे।

### शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गांधी प्रतिमा पर रैली हुई समाप्त




### छापे में कुछ भी नहीं मिला ईडी का गलत उपयोग

श्री बघेल ने कहा केंद्र सरकार सरकारी तंत्रों का ईडी सीबीआई आईटी जैसी संस्था का दुरुपयोग कर रही है, उन्होंने कहा कांग्रेस के नेताओं पर मुझ पर और देवेंद्र यादव वन्य कार्यकर्ताओं पर सैकड़ो छापे मारे ना मेरे यहां कुछ मिला ना देवेंद्र यादव के यहां न अन्य कांग्रेसी के यहां। इन्हें मालूम नहीं हम महात्मा गांधी के मानने वाले हैं, जो पहले अंग्रेजों से लड़ने में नहीं डरे तो हम अब इनसे क्या डरेंगे। प्रदेश में शिक्षकों का पद समाप्त किया जा रहा है। स्कूल बंद कर रहे, नए रोजगार बंद और बेरोजगारी बढ रही है। भाजपा के शासन से किसान, व्यापारी, छात्र आमजन सभी वर्ग परेशान है।



### संविधान बदले जाने का विरोध करेगी कांग्रेस

पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा देश को मोदी और अमित शाह अपने मुताबिक चलना चाह रहे हैं, ये निर्वाचन आयोग से लेकर सभी प्रमुख एजेंसी की नियुक्ति खुद करते हैं। देश के ज्यादातर दलों ने मतपत्र से चुनाव की मांग की गई तो भी ईव्हीएम से ही चुनाव करते है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा भाजपा सरकार अपने और अपने उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने कानूनी नियम बदल देती है। जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है, उद्योगपतियों को खनिज खदान देने के लिए हसदेव के जंगलों की कटाई शुरू कर देते हैं। विरोध करने पर जेल में डाल देती है। मनरेगा को षड्यंत्रपूर्वक बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर संविधान से छेड़छाड़ करेंगे तो कांग्रेस विरोध करेगी।

# उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों की पड़ताल, देनी होगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में कार्यरत सभी औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों की पडताल की जाएगी। उन्हें संबंधित पुलिस थाने में जानकारी देने के निर्देश दिए गए है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही करेगी।

- विशेष शाखा में संस्थानों को देनी होगी सूचना

जिले में बड़ी संख्या में औद्योगिक संस्थान है तथा भिलाई स्टील संयंत्र जैसा सामरिक एवं राष्ट्रीय महत्व का सार्वजनिक उपक्रम है इसके अलवा संवेदनशील कार्यो से जुड़े अनेक उपक्रम है जो रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय एवं अन्य विभागों के लिए संवेदनशील सामग्री एवं उपकरण का निर्माण करते हैं। इन प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इनमें कार्यरत कर्मचारियों का पूर्व चरित्र सत्यापन तथा इन उद्योगों में काम करने वाले अस्थाई एवं संविदा पर कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी का विवरण होना सुरक्षा के लिहाज से अति आवश्यक है, को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने इस सभी उद्योगों को जितने भी ठेके के एवं आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम करने वाले ठेकेदारों को अपने कामगारों की जानकारी जिला विशेष शाखा दुर्ग को उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। ताकि उनका चरित्र सत्यापन एवं वेरिफिकेशन कराया जा सके।

### विशेष शाखा में देनी होगी सूचना

कलेक्टर ने दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, कुम्हारी, जामुल व निकटवर्ती नगरीय क्षेत्रों व नगर बाह्य क्षेत्रों के लिए पारित आदेश के अनुसार सभी उद्योग, कंपनी के मालिक, ठेकेदार या आउटसोर्सिंग ठेकेदार, प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक अपने संस्था में कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों की सूचना, पहचान संबंधी जानकारी, मूल पते की जानकारी अनिवार्य रूप से संधारित करेंगे। कोई भी उद्योग, कंपनी के मालिक, ठेकेदार या आउटसोर्सिंग ठेकेदार, एजेंसी के संचालक पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 भिलाई जिला दुर्ग को प्रस्तुत करेंगे। सभी कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों का नाम, पता, मोबाईल नंबर, पहचान क्रमांक, नियुक्ति की तिथि, पदनाम, विभाग, कार्य की प्रकृति सभी उद्योग अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे तथा जिला विशेष शाखा दुर्ग को दी गई सूचना में इसका उल्लेख अनिवार्यतः करेंगे। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अधीन दण्डनीय अपराध होगा, यह आदेश 1 जून 2025 से 2 माह की अवधि के लिए प्रभावशाली होगा।

# बीएसपी टाउनशिप की प्रमुख सड़कों पर लगा रहे आब्जेक्ट मार्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग (टीएसडी) द्वारा टाउनशिप की प्रमुख सड़कों पर यातायात सुरक्षा और सुव्यवस्था के लिए जगह जगह पर आब्जेक्ट मार्कर (हजार्ड मार्कर बोर्ड) लगाए जा रहे हैं। यह कार्य पंडित रविशंकर शुक्ल पथ सेन्ट्रल एवन्यू रोड, फोरेस्ट एवन्यू रोड और उनसे जुड़ने वाली रोड नंबर 1 से लेकर रोड 6 तक के क्रॉसिंग्स पर लागू किया गया है। आब्जेक्ट मार्कर विशेष रूप से बारिश और रात में उपयोगी होंगे। इन संकेतकों के माध्यम से चालकों को न केवल सड़क पर मौजूद अवरोधों की पूर्व जानकारी मिलेगी, बल्कि वे यातायात नियमों के पालन से दुर्घटनाएं कम होंगी।

विभाग द्वारा नेहरू नगर से पंथी चौक तक की डामर रोड तथा महात्मा गांधी कला मंदिर के सामने स्थित सड़क का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन सड़कों पर भी आब्जेक्ट मार्कर लगाए गए हैं। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिप की विभिन्न सड़कों पर कोलतार की रिकर्पेटिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

# कार्यशाला : हिंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएण्डआईटी विभाग के सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख समीर गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक थे। महाप्रबंधक व विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी संदीप झा ने विभागीय प्रतिवेदन में विभागीय गतिविधियों की जानकार दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि हिंदी को प्रोत्साहन तथा कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का प्रयोग हमारा राष्ट्रीय दायित्व है, इसके लिए विभाग में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में महाप्रबंधक नीना जायसवाल, सुमिता डे, अरुण कोटनीस, अजय सचदेव, त्रिवेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार गौतम, सर्वाणी दास, शिवानी जत्रेले, मंजू जेकब, उप महाप्रबंधक निधि चन्द्राकर, सुश्री दीपमाला, सहायक महाप्रबंधकगण जितेन्द्र मीणा, सुश्री नम्रता ज़ेफ्रिन, रितेश अवधिया, तेजकरन सिंह हंस, वरिष्ठ प्रबंधकगण आदित्य दुबे, मोहम्मद सलीम कुरैशी, शादमा खान, सरिता सहारे, सहायक प्रबंधक सुजाता पाटिल, कनिष्ठ प्रबंधक विक्रम सिंह यादव, जूनियर इंजीनियर सौमित्र विश्वास, सुकला सिंह आदि उपस्थित थे। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी, ने ऑनलाइन वोइस टाइपिंग प्रदर्शन किया । हिंदी भाषा में प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसके विजेता रहे :- प्रथम- जूनियर इंजीनियर राजीव सिंघई, द्वितीय- वरिष्ठ प्रबंधक इरफ़ान सिद्दीकी और तृतीय- महाप्रबंधक त्रिवेंद्र कुमार।



# ड्राइवरों का अल्टीमेटम: शीघ्र करें शराबबंदी वरना छोड़ देंगे स्टेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

बीते कुछ वर्षों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने आज कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी करने की मांग की है।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया है। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा कहा गया है कि उक्त मांगे आगामी 1 अक्टूबर तक पूर्ण नहीं किया जाता है तो 25 अक्टूबर से 05 नवंबर तक 11 दिवसीय स्टेरिंग छोड़ अभियान चलाया जाएगा।



### वेलफेयर बोर्ड बनाने की मांग

ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने प्रधानमंत्री, सड़क परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री से मांग करते हैं। वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु कठोर कानून एवं वाहन चालक के आर्थिक संरचना हेतु चालक वेलफेयर बोर्ड का गठन करने मांग की है।

### सड़क पर दुर्व्यवहार

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन ने कहा है कि वाहन चालकों को जागरूक करके यातायात नियमों के अधीन रहकर वाहन चलाने के लिए संगठन द्वारा प्रेरित किया जाता है। वहीं दूसरी ओर सड़क पर वाहन चालकों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, लूटपाट जैसी कई घटनाएं हो रही है। जिसका मुख्य कारण शराब है। जिससे वाहन चालक परेशान हैं। शराबबंदी से अन्य लोगों द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटना भी नहीं होगी।

बीते कुछ समय से अपने अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करते हुए समय-समय पर आंदोलन कर रहे वाहन चालकों ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में बढ़ते नशे के मामले को देखते हुए पूर्ण शराबबंदी की मांग की है। इसके अलावा अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वाहन चालकों के लिए ड्राईवर आयोग एवं ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन करने की मांग दोहराई है।

ड्राईवरों का किया समर्थन- वाहन चालकों की मांग का समर्थन करने पहुंचे जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि वाहन चालक अपने आंदोलन के माध्यम से 21 अक्टूबर 2024 और 19 मार्च 2025 को रख चुके है, जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# कृषकों ने मुआवजा राशि दिलाने जनदर्शन में की मांग

**दुर्ग।** जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 121 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम सांकरा के प्रगतिशील कृषकों ने क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान करने आवेदन दिया। एक मई को जिले में आये आंधीतुफान से फसल, केला, कटहल, पॉलीहाउस को नुकसान हो गया। जिसका मौका जांच हल्का पटवारी व उद्यानिकी विभाग की टीम द्वारा किया गया था। किंतु रिपोर्ट तहसीलदार पाटन को नही सौंपा गया है। कृषकों ने आरबी 6-4 के तहत फसल क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र दिलाने की मांग की। ग्राम बड़े पुरदा, तहसील बोरी निवासी ने बताया कि, उनकी 6 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बेटी का इलाज पिछले 4 वर्षों से एम्स रायपुर में चल रहा है। पूर्व में चिरायु, संजीवनी योजना के अंतर्गत शासकीय वाहन की सुविधा मिलती थी, लेकिन अब वह बंद हो गई है। जुनवानी निवासी ने गंदे पानी के निकासी के लिए नाली निर्माण कराने के लिए आवेदन दिया। जुनवानी शीतला तालाब में घरों से निकलने वाले गंदा पानी तालाब में जा रहा है, जिससे तालाब का पानी दूषित हो रहा है। साथ ही जुनवानी शीतला तालाब के किनारे कुछ लोगों ने अवैध कब्जा भी कर लिया गया है। इस पर नगर



# केलाबाड़ी वार्ड में 21 लोगों के कब्जे पर चली जेसीबी

**दुर्ग।** शहर के केलावाडी वार्ड में निगम प्रशासन द्वारा दो दर्जन से अधिक लोगों के घरो के सामने अवैध तरीके से बने सीढियों पर जेसीबी चलाई गई। नगर निगम का अतिक्रमण अमले के इस कार्यवाही से वार्ड में हडकंप की स्थिति निर्मित रही।



सोमवार को अतिक्रमण अमले द्वारा केलाबाड़ी देवांगन किराना स्टोर्स से लेकर गायकवाड गली तक घर के बाहर सड़क सीमा से अधिक 21 लोगो के सीढियों को तोड़कर अभियान चलाकर गालियों को अतिक्रमण मुक्त किया। केलाबाड़ी में कार्रवाही के दौरान मजिस्ट्रेट ढाल सिंह बिसेन, उपअभियंता उमयंती ठाकुर, अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर के अलावा पद्मनाभपुर थाना पुलिस बल मौजूद रहें। सीढ़यिों को हटाने की कार्यवाही के दौरान हिदायत दी गई। उल्लेखनीय है कि, निगमायुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा नागरिकों की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शहर नगर के मोहल्ले,गलियो सहित मुख्य एवं सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाही तथा नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।





पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

शिक्षक आवश्यकता

(शिक्षा सत्र 2025/26)

| | | |
|---|---|---|
| चयन | - | पहले आओ पहले पाओ पद्धति |
| विषय | - | गणित, जीवविज्ञान, रसायन, भौतिक, सामाजिक विज्ञान अंग्रेजी, हिंदी, संगीत, खेल आदि |
| योग्यता | - | स्नातक /स्नातकोत्तर न्यूनतम द्वितीय श्रेणी |
| प्राथमिकता | - | संस्कारित , बीएड, अनुभवी |
| लाभ | - | प्रशिक्षु अवधि में कार्य व्यवहार कुशलता में खरे चयनित होने पर विशेष पात्रता सुविधा सेवानिवृति पर लाखों का फंड |
| विशेष | - | विद्यालय से प्राप्त फार्म भरकर संपूर्ण पेपर्स संलग्न कर व्यवस्थापक के पास प्रत्यक्ष जमा करे |
| अंतिम तिथि | - | 10 जून 2025 |

संपर्क : प्राचार्य/व्यवस्थापक
07826 246704, 9406268237

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



02
नशा नाश कि जड़ है, नशा भगाओ-देश बचाओ के नारे लगाते निकाली रैली

## लाइव इवेंट

### कक्षा 6वीं में पढ़ने वाली बालिका दृश्या की किताब का विमोचन



**भिलाई।** कक्षा 6वीं में पढ़ने वाली छोटी बच्ची दृश्या साहू द्वारा रचित किताब का विमोचन हुआ। इंडियन कॉफी हाउस के सभागार में प्रोफेसर डॉ. सुधीर शर्मा पुस्तक का विमोचन किया गया। इंग्लिश बुक इंसपीरिएशन शार्ट स्टोरीज फॉर बिल्डिंग किड्स का विमोचन हुआ। दृश्या साहू प्रतिष्ठित दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनल साटकर साहू एवं इंजीनियर विकास साहू की पुत्री हैं। उन्होंने लेखन की प्रतिभा अपनी मम्मी और दुर्ग-भिलाई के स्थापित साहित्यकार और नाना त्र्यम्बक राव साटकर की देन बताई है। दस छोटी-छोटी कहानियों की यह किताब बच्चों में इन्सपायरेशन का काम करेगी। निश्चित रूप से बच्ची का यह प्रयास काबिलेतारीफ है। इस अवसर पर त्र्यम्बक राव साटकर की किताब जीवन तरंग का भी विमोचन हुआ। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा एवं डॉ. महेशचंद्र शर्मा उपस्थित थे। साहित्यकारों में डॉ. संजय दानी, डॉ. बीना सिंह रागी, डॉ. रजनी नेलसन, अनिता कर्डेकर, प्रदीप भट्टाचार्या, उज्ज्वल प्रसन्नो, ओमवीर करण, डॉ. नौशाद सिद्दीकी, विजय कुमार सराफ आदि ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## सिटी इवेंट

### मनखे-मनखे ल मान सगा भाई के समान, ऐसा संदेश देने वाले थे देवदास



**भिलाई।** संस्कृति विभाग के सहयोग से अगासदिया द्वारा अगासदिया परिसर में देवदास बंजारे तथा पंथी गीतों पर केनद्रित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सिद्धा की अध्यक्ष डॉ. सोनाली चक्रवर्ती मुख्य रूप से शामिल हुईं। उन्होंने मुख्य रूप से देवदास बंजारे की जीवनी आरूगफूल पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अद्भुत कलाकार पर साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा लिखित यह जीवनी बहुत प्रमाणित एवं कलात्मक है। इसे मध्य प्रदेश शासन का पं. माघवराव सप्रे सम्मान 1999 में मिला। इसे डूबकर पढ़ने वाला एक दो दिन में सम्पूर्ण रूप पढ़ सकता है। आरूगफूल में देवदास बंजारे के व्यक्तित्व एवं कृतिव का सही आकलन हुआ है। बहुत संघर्ष के बाद कलाकार देवदास बंजारे ने एक सम्मान जनक स्थिति पाकर छत्तीसगढ़ और देश को गौरवान्वित किया। पंथी गीत महान संत गुरुबाबा घासीदास के विचारों का ऐसा गीत माध्यम है, जिसमें जीवन, जगत का सार छिपा है। मनखे-मनखे ल मान सगा भाई के समान यह महान संदेश गीतों में है। बंजारे ने पंथी नृत्य और गीत को विश्व के 64 देशों के मंच पर प्रस्तुत किया। यह दुलर्भ उपलब्धि है। साहित्यकार कमलेश चंद्राकर ने कहा कि हमने देवदास जैसे सरल और महान कलाकार को देखा और जाना है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। वे पंथी नृत्य को नई ऊंचाई तक ले गए। रवि श्रीवास्तव ने कहा कि देवदास बंजारे और साहित्यकार भाई परदेशीराम की जोड़ी तीस वर्ष तक एक साथ रही, तब जाकर आरूगफूल जैसी कृति रची गई। यह कठिन साधना है। मुनीलाल निषाद ने कहा कि ऐसे कलाकरों को याद कर हम प्रेरणा का वातावरण बनाते हैं।

- पंथी नृत्य कलाकार देवदास बंजारे और पंथी गीतों पर केंद्रीय कार्यक्रम का आयोजन

#### देवदास बंजारे को शासन स्तर पर सम्मान मिले

संयोजक और अगासदिया के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि लेखक अनोखे व्यक्तियों से जब बंध जाता है। बहुत प्रभावित होता है। तब उसकी जीवनी लिखने का संकल्प लेता है। देवदास बंजारे ने जो काम किया वैसा काम बहुत कम लोग कर पाते हैं। वे अमर हैं। उन्हे छोटे-बड़े सबका प्यार सम्मान मिला। वे महान कलाकार और सिद्ध पुरूष थे। संस्कृति के क्षेत्र में काम करने वालों को सदैव सम्मान दिया है। महेश वर्मा एवं कलाकार राजेन्द्र साहू ने पंथी गीत पर वक्त देते हुए गीतों की प्रस्तुति भी दिया। अब्दुल कलाम ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रतिभा वर्मा, स्मिता वर्मा, चमेली साहू, यमुनोत्री, नितिश, मधुवर्मा, डॉ. रजनी नेलसेन, अंतरा, खुशबू, मनहरण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### लिटिया-सेमरिया में 8 को कबीर जयंती



**भिलाई।** लिटिया-सेमरिया में 8 जून को कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रगतिशील डेहरिया महार समाज के प्रदेश अध्यक्ष कलादास डेहरिया ने बताया कि समाज द्वारा जिला स्तरीय आयोजन की तैयारी की जा रही है। आयोजन में समाज के संतगण शामिल होंगे। सुबह 11 बजे शोभायात्रा निकलेगी। दोपहर 12 बजे से भजन और सम्मान समारोह होगा। दोपहर 2 बजे प्रवचन होगा। दोपहर 3 बजे से चौंका आरती का कार्यक्रम होगा। शाम 5 बजे समाज के उत्कृष्ठ बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कबीर साहेब के दो शाखी के उपर संतगण उद्बोधन देंगे। डेहरिया ने बताया कि महार समाज शराब पर प्रतिबंध लगा रहा है। सदगुरू कबीर साहेब के प्रगतिशील विचारों को जन-जन तक फैलाने का संकल्प लिया गया है। इसके तहत इस अभियान की शुरुआत की जाएगी।

---

● शाही कटलेट, कोकोनट बॉल्स, मैगी कबाब की बिखरी खूशबू और सेल्फ डिफेंस की आज देंगे प्रस्तुति

# कुकिंग और प्रेजेंटेशन में प्रतिभा दिखाकर बच्चे बने मास्टर शेफ आज मिलेगा खिताब, ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर रैंप वॉक

शाही कटलेट, कोकोनट बॉल्स, मैगी कबाब, गुपचुप, छत्तीसगढ़ी व्यंजन चौसेला, फरा, केक, शाही पेट्रो, खोया नूडल्स, फ्रुट कस्टर्ड, ड्रींक्स में आम पना, पान शारबत, मैंगो जूस जैसे स्वीट डिश व फास्ट फूड बच्चों के पसंदीदा आयटम को बच्चों ने अपनी मम्मी की मदद से ही बनाया और अपने स्टॉल में खूबसूरती के साथ प्रेजेंटेशन दिया। जज ने सभी के स्टॉल में जाकर नन्हे हाथों से बने व्यजंनों का स्वाद चखा, तो उन्होंने दांतों तले उंगलिया दबा ली। जजेस ने बच्चों की अद्भुत प्रेजेंटेशन और छिपी प्रतिभा की जमकर सराहना की। नृत्य कला मंदिर रिसाली द्वारा आयोजित समर कैंप में कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया था। जहां बच्चों ने सेल्फ डिफेंस, पर्सनल ग्रूमिंग सहित पेंटिग, डांसिग और अन्य गतिविधियां एक्सपर्ट ने सिखाई।





**आज होगा कैंप का समापन:** लगभग डेढ़ महिने तक चले समर कैंप का आज शाम 5 बजे से ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर में समापन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चें अभिभावक सहित गणमान्य जन शिरकत करेंगे। समापन की थीम ऑपरेशन सिंदूर और देश के जवानों के जीवन संघर्ष पर आधारित होगी।

**भिलाई।** समर कैंप का आज शाम समापन होगा। इस दौरान समापन की थीम ऑपरेशन सिंदूर और देश के जवानों के जीवन संघर्ष पर आधारित रैंप वॉक, डांस और नाटक की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी जाएगी।नौतपा के साथ बीच-बीच में हो रही बारिश से बढ़ रही गर्मी को देखते हुए कई जगह समर कैंप का समापन हो चुका है। लेकिन वहीं कई स्थानों में आयोजित समर कैंप में जैसे जैसे गर्मी का पारा बढ़ रहा है वैसे वैसे बच्चों में सीखने की क्षमता भी बढ़ रही है। इसी कड़ी में नृत्य कला मंदिर के तत्वावधान में पिछले एक महिने से आयोजित समर कैंप में ढाई साल से लेकर 15 साल के बच्चें कुकिंग, पेंटिग, रंगोली, मेंहदी, क्ले आर्ट, डांसिग व सहित अनेक एक्टिविटी में पारंगत हो रहे है।समर कैंप में बच्चों के द्वारा व बच्चों के लिए कुकिंग कांपीटिशन का आयोजन ठेठवार भवन रिसाली में किया गया था। इस दौरान छोटे बच्चों ने अपने नन्हें-नन्हें हाथों से कुकिंग की प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक स्टार्टर व डेजर्ट का स्वाद व उसके प्रेजेंटेशन को देखकर जज नर्सिंग कालेज की एडमिनिट्रेटर अंजू यादव भी अचंभित रह गई। जिससे उन्हें निर्णय देने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जहां छोटे बच्चों ने फायरलेस कुकिंग में अपना हुनर दिखाया वहीं बड़े बच्चों ने स्वादिष्ट डेजर्ट व स्टॉटर में शेफ का खिताब अपने नाम करने काफी मेहनत की। मीठे व नमकीन आयटम का जजेस ने स्वाद लेकर सभी प्रतिभागियों की सरहाना की।



#### साल दर साल निखरी प्रतिभाएं

नृत्य कला मंदिर की डायरेक्टर रानी नंदिनी ने बताया कि एकेडमी द्वारा पिछले 15 वर्षो से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर साल आने वाले बच्चों की प्रतिभाएं निखरी है। बच्चों को घर में कुकिंग नही सीखाया जाता और पेरेट्स भी डर से कुकिंग नही करने देते। फिर जब वही बच्चें जब 10वीं या 12वीं पास कर बाहर पढ़ने जाते है तब उन्हें अखरता है कि बेसिक कुकिंग अपने बच्चों को सिखाना था। इसी उद्देश्य को लेकर समर कैंप में छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों को कुकिंग में भी पारंगत करने के उद्देश्य से यह कांपीटिशन प्रतिवर्ष कराया जाता है। जिसमें बच्चें घर से आइटम बनाकर लाते है और यहां उन्हें अकेले प्रेजेंटेशन करना होता है। इस बार इस प्रतियोगिता में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया था। समर कैंप में इस बार महिला रक्षा टीम द्वारा एएसआई संगीता मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों को सेल्फ डिफेंस और गुड टच-बैड टच की जानकारी दी। सोशल एक्टीविटी के अंतर्गत बच्चों को वृद्धाश्रम ले जाकर परिवार में बुजुर्गो की अहमियत सिखाया। फन एक्टीविटी में बच्चों को पूल पार्टी कर स्वीमिंग भी सिखाया गया।

---

# देश की 65 फीसदी आबादी ग्रामीण परिवेशन में रह रही, इसे ध्यान रखकर बनाई जाए योजनाएं

**भिलाई।** भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर -4 में हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का प्रारंभ भारत माता, भगवान बलराम एवं भारतीय किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। समारोह में प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ के उपाध्यक्ष डॉ. विशाल चन्द्राकार, तुलाराम ढीवर, टेकेन्द्र चन्द्राकार, लोकेन्द्र बन्छोर, अनिल देवांगन, केदार नाथ चन्द्राकार सहित अन्य मौजूद थे।उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डॉ. सुनील पटेल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे।

- भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिशु मंदिर सेक्टर-4 में हुआ



उन्होंने कहा कि भारत की लगभग 65% आबादी गांवों में रहती है, जो पर्यावरण, जलसंरक्षण, सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र में स्वाभाविक रूप से कार्य करते हुए पूरे देशवासियों के लिए अनाज भंडार भरने का काम करती है। डॉ. विशाल चन्द्राकार ने भारतीय किसान संघ की संकल्पना, तुलाराम ने भारतीय किसान संघ की कार्यपद्धति एवं संगठनात्मक विषय, टेकेन्द्र ने भारतीय किसान संघ के आंदोलनात्मक एवं रचनात्मक कार्य नवीन शेष ने भारतीय किसान संघ की रीति-नीति से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

#### जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर भी मंथन

प्रशिक्षण के दूसरे दिन तुलाराम ढीवर ने ग्राम समिति की कार्यपद्धति, नवीन शेष ने भारतीय किसान संघ के उत्सव, गिरधारी सागर ने जल संरक्षण की जरुरत और महत्ता पर अपनी बात रखी। समापन सत्र में लोकेन्द्र बन्छोर ने संगठन के आए हुए सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं से संगठन के विस्तार, राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए किसानों के हित में काम करने की शुभकामनाओं के साथ प्रशिक्षण वर्ग समाप्ति की घोषणा की।

### आकाश लामा कल रायपुर में दुर्ग अनुयायी जाएंगे मिलने

**दुर्ग।** 4 जून को ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम के जनरल सेक्रेटरी एवं बोधगया महाबोधि महाविहार के नेतृत्वकर्ता आकाश लामा एवं भदन्त डॉ. चन्द्रकीर्ति, प्रोफेसर विभागाध्यक्ष पाली भाषा सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ उत्तर प्रदेश डॉ. चन्द्रबोधि पाटिल,शंकरराव ढेंगरे 4 जून को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आ रहे हैं। वे दोपहर 3 बजे शहीद स्मारक भवन रायपुर में बोधगया महाबोधि महाविहार मुक्त करने मुक्ति आन्दोलन बीटी एक्ट 1949 के समर्थन में होने वाली जनसभा में शामि होंगे। छग के समस्त बुद्ध विहार प्रबंधन, आम्बेडकरी अनुयायियों तथा बुद्धिस्ट सभी संगठनों से अपील की गई है कि जो बोधगया नहीं जा पाए हैं, वे लोग इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय ट्रस्टी एसआर कानडे ने कहा कि दुर्ग-भिलाई से बड़ी संख्या में अनुयायी जनसभा में शामिल होने जाएंगे। इसे लेकर तैयारियां की जा रही है। शहर से 1 हजार से ज्यादा लोग जनसभा में शामिल होंगे। इसकी तैयारियों को लेकर दुर्ग और भिलाई सामाजिक बैठकें भी आयोजित की गई। 4 जून को सुबह 11 बजे से प्रतिनिधि रवाना होंगे।

---

## सामुदायिक, मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रीय कार्यशाला सार्थक का आयोजन

कार्नर न्यूज



भिलाई। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सियान सदन शांति नगर में एक अनोखी कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें बुजुर्गों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। वरिष्ठ नागरिकों को विशेषज्ञों ने सलाह दी कि सकारात्मक सोच रखें, अच्छी नींद लें, योग व ध्यान करें, व्यस्त रहें और खुश रहें। भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ एवं हेल्पेज इंडिया रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यशाला आयोजित की गई।

# विशेषज्ञों की बुजुर्गों को सलाह...सकारात्मक सोच रखें अच्छी नींद लें, योग और ध्यान करें, हर समय खुश रहें




#### किसी भी तरह के तनाव से रहें दूर, डिप्रेशन से बचें

प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक किसी भी तरह का तनाव ना पालें, डिप्रेशन से बचें और वर्तमान परिस्थितियों को स्वीकार कर परिवार के सदस्यों के साथ हंसी-खुशी जिंदगी व्यतीत करें। अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला के आयोजन को बहुत ही उपयोगी बताया। कार्यशाला को उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, छाया विश्वकर्मा, नामदेव राव मोरे, रतनलाल गोयल ने भी संबोधित किया। सामुदायिक, मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित कार्यशाला सार्थक में कई विशेषज्ञ मौजूद थे। मुख्य वक्ता मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. निशा गोस्वामी थीं। अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। इस अवसर पर मंच पर महासंघ के सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन, महासचिव गजानंद साहू, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, छाया विश्वकर्मा, नामदेव राव मोरे, रतनलाल गोयल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य वक्ता डॉ. निशा गोस्वामी ने वरिष्ठ नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित रोगों, उनके लक्षणों एवं उनसे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बुजुर्गो को अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को जो जैसे हैं, उसे वैसे ही स्वीकार करने की सलाह दी। उन्होंने वरिष्ठ जनों को सलाह देते हुए कहा कि सकारात्मक सोच रखें, अच्छी नींद लें, योग व ध्यान करें, व्यस्त रहें और खुश रहें।

#### वर्तमान समय में बुजुर्ग को सही गाइडेंस की जरूरत

हेल्पेज इंडिया रायपुर के मुकेश कुमार एवं अनमोल सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित कार्यशाला के आयोजन की आवश्यकता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला और बुजुर्गो के लिए किए जा रहे गतिविधियों की जानकारी दी। महासंघ की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर हेलपेज इंडिया रायपुर से मुकेश कुमार, अजय सिंह, अनमोल शर्मा, हर्षिता, अनन्या, वरिष्ठ नागरिक महासंघ के डॉ. कांतिलाल विश्वकर्मा, हुकुमचंद देवांगन, बाबूलाल साहू, एनपी मिश्रा, शिवप्रसाद साहू, रामकिसुन देवांगन, जियालाल चौधरी, पुरेन्द्र वर्मा, आरएन पांडेय, एसआर टंडन, गरीबदास साहू, विजयआनंद गंगबोइर, डीएल पारधी, रिकसुदन, केशव देवांगन सहित अन्य मौजूद थे। सभी उपस्थित वरिष्ठजनों ने कार्यशाला को बहुत उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संचालन गजानंद साहू एवं आभार प्रदर्शन दिनेशकुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## सिटी इवेंट

# प्रदेश शतरंज संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की हुई सराहना



**दुर्ग।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के आयोजन समिति के सदस्य इंटरनेशनल रेटेड शतरंज खिलाड़ी, फिडे आर्बिटर और फिडे इंस्ट्रक्चर रंजन मोहंती के रायपुर प्रवास पर जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री मोहंती ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा शतरंज के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं आयोजन की सराहना की। असिस्टेंट डायरेक्टर इनकमटैक्स इन्वेस्टिगेशन बिलासपुर में पदस्थ रंजन मोहंती का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री मोहंती को छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा राज्य शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में शतरंज को आगे बढ़ाने एवं लोकप्रिय बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। श्री मोहंती का स्वागत करने वालों में छत्तीसगढ़ आर्बिटर कमीशन के चेयरमेन अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव, रायपुर जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा, फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन,रोहित यादव, आशुतोष शर्मा,गौरव दिवान , संदीप दीवान,जिला शतरंज संघ दुर्ग के सचिव तुलसी सोनी,हेमा नागेश्वर,चंदन विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

■ राज्य शतरंज संघ द्वारा मोहंती को स्मृति चिन्ह प्रदत्त

● अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर दुर्ग और भिलाई में हुई कार्यशाला

# अहिल्याबाई ने विश्वनाथ मंदिर का कराया पुनर्निर्माण, धर्म जागरण और सामाजिक सुधार के लिए किए बहुत से काम

**भिलाई-दुर्ग।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सासंद विजय बघेल थे। विधायक गजेंद्र यादव, ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार, भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जितेंद्र वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि मंच पर महिलाओं का सम्मान एक प्रतीक है। असल में हम सभी मातृशक्ति का सम्मान करते हैं। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर द्वारा किए कार्यो को अनुकरणीय कहा। उन्होंने कहा कि नारी का सम्मान हर दिन हो। विधायक गजेंद्र यादव ने अहिल्याबाई के जीवन काल पर प्रकाश डाला। उन्होंने होल्कर के धर्म जागरण, सामाजिक सुधार, लोककल्याणकारी कार्यो की सराहना की गई। उन्होंने ये भी कहा कि अहिल्याबाई के आदर्शों को जनता तक पहुंचाना और उनके पदचिन्हों पर चलना हम सभी की जिम्मेदारी है। काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि होल्कर नारी शक्ति का प्रतीक हैं। उन्होंने देवी अहिल्याबाई को न्याय की देवी के रूप में निरूपित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए गुणात्मक व्यापार और उन्हें शिक्षा से जोड़ने अहिल्या बाई होलकर ने तीन सौ वर्ष पहले की थी।



### स्वच्छता दीदियों और बेहतर काम करने वाली महिलाएं सम्मानित

कार्यक्रम में स्वच्छता दीदी और शहरी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शाल, श्रीफल मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। पीएम आवास बीएलसी घटक के तहत पात्र 15 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर नीलू सिंह, कनिका चन्द्राकर, बेबी चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, शारदा यादव, रोशनी साहू, मुगे सेन्द्रे, माधुरी पात्रों, सुनीता चांवरिया सम्मानित की गईं। इस अवसर पर एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, काशीराम कोसरे आदि उपस्थित थे।

## अहिल्याबाई के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने लिया संकल्प



भिलाई निगम में अहिल्याबाई के जन्म दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। आयुक्त राजीव पाण्डेय ने मितानिन बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई बहुत संवेदनशील महिला थीं। अपने प्रजा की दुख तकलीफ को समझती थीं। उन्होंने देखा कि बाल्यावस्था में जब कोई बालिका विधवा हो जाती है, जिसमें उसका कोई दोष नहीं रहता। वह बहुत तकलीफ पाती है। पुरुष दूसरी शादी कर लेता है। महिला बहुत ही कष्ट में जीवन जीती है। समाज उसे बहुत प्रताड़ित करता है। अहिल्याबाई ने समाज से संघर्ष, अपने राज परिवार से प्रतिरोध सहकर करके अपने बचपन की सहेली जो छोटी उम्र में विधवा हो गई थी। उसे लाकर राजमहल में रखीं और उसका अपने यहां के एक सैनिक से पुनर्विवाह करवाया। यह बाद में एक मील का पत्थर साबित हुआ। बताया गया कि उस समय केवल लड़कों का ही पढ़ने का चलन था, रानी ने लड़कियों को भी पढ़ने की छूट दी। एक बार अपने राज्य के भ्रमण के दौरान जब रानी ने देखा की जो सैनिक लड़ाई में घायल हो जाते हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है। उनके परिवार को बहुत आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके लिए उन्होंने अपने राज्य में सैनिकों के लिए पेंशन की शुरुआत की।

### जनता की समस्याओं को समझने झोपड़ी में किया निवास

वक्ताओं ने कहा कि जनता की समस्याओं को करीब से जानने के लिए वह खुद झोपड़ी में निवास करती थीं। लोगों की समस्याएं उनके घरों में जाकर सुनती थीं। उनके इस प्रकार की भावना से जनता उन्हें राजमाता से लोकमाता कहने लगे। उपस्थित महिलाओं के बीच अहिल्याबाई के ऊपर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई। अहिल्याबाई के बारे में पूछे गए सवालों को जानकारी देता था। उसे त्वरित रूप से पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता दीदीयो का मेडिकल हेल्थ चेकअप, दवाई वितरण, गर्भवती महिलाओं को सुपोषण आहार देना, कुपोषित बच्चों को पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान करना, भेलवा तालाब में प्रबुद्ध लोगों के बीच संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में निगम अधिकारी सतीश यादव, जावेद अली, सीबी साहू, पुरुषोत्तम साहू, मितानिन कार्यक्रम की एरिया कोऑर्डिनेटर पुष्पा मिश्रा, टॉमिन साहू और केएल कुमारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## लाइव इवेंट

# महिलाओं व बच्चों ने सीखे सेल्फ डिफेंस और मार्शल आर्ट के गुर



**भिलाई।** योगी फिटनेस अकेडमी और जीवनदान सेवा संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय 30 दिवसीय निःशुल्क सेल्फ डिफेंस एवं मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस दौरान बच्चों और महिलाओं को कराटे, जुडो, कुंगफू, आत्मरक्षा तकनीक, मानसिक सशक्तिकरण और योग सिखाया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं, विशेषकर छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति सजग बनाना और आत्मविश्वास जगाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व प्रसिद्ध मार्शल आर्ट मास्टर राजकुमार देवांगन और योग प्रशिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता योगेश्वर मानिकपुरी ने किया। प्रशिक्षण में कराटे, जुडो, कुंगफू, आत्मरक्षा तकनीक, मानसिक सशक्तिकरण और योग को सिखाया गया। प्रतिभागियों को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त किया गया, बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन का भी विकास किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने अनुशासित दिनचर्या, ध्यान, योगाभ्यास एवं व्यावहारिक आत्मरक्षा तकनीकों का गहन अभ्यास किया। समापन समारोह में चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। समापन अवसर पर मास्टर राजकुमार देवांगन ने कहा कि आज के समय में आत्मरक्षा प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकता है। इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों ने न केवल कला सीखी है, बल्कि आत्मबल भी प्राप्त किया है। योगेश्वर मानिकपुरी ने कहा कि \ऱहमारा उद्देश्य समाज को स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को एक नई दिशा देते हैं। दोनों संस्थाओं के सहयोगियों और प्रतिभागियों ने बच्चों को अपनी-अपनी विधा में आगे बढ़ने प्रेरित किया और बच्चों ने भी भविष्य में ऐसे और भी प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का मांग रखी। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया।

## जागरूकता...

# नशा नाश कि जड़ है, नशा भगाओ-देश बचाओ के नारे लगाते निकाली रैली




**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में दुर्ग-भिलाई गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर व्यसन मुक्त भारत के तहत नशा भारत छोड़ो जनजागरण रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा रैली के माध्यम से तंबाकू के प्रति लोगो में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस रैली रामायण मंच यादव चौक रुआबांधा भिलाई से निकाली गई। गायत्री परिवार का इस वर्ष के विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम युवाओं को तंबाकू से बचाना था। रैली में अपने को व्यसन से बचाओ-जीवन को सृजन में लगाओ, नशा भगाओ- देश बचाओ, पान बीड़ी और शराब स्वास्थ्य को करते ख़राब,नशा नाश कि जड़ है भाई, इसकी पीड़ा अति दुःखदाई जैसे विभिन्न नारा के साथ लोगो को जागरूक किया गया। रैली को गायत्री परिवार भिलाई के उप जोन समन्वयक एसपी सिंह ने झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली में नारों और गीतों के माध्यम से नशा से बचने के लिए लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान पोस्टर के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणाम को जीवंत रूप से प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वयं व समाज को नशे से बचाने का संकल्प लिया। साथ ही व्यसन से ग्रसित लोगो और जो लोग इस आदत के शिकार नहीं हैं उनसे भी संकल्प पत्र भरवाया गया। रैली के अंत में नशा रूपी पुतले का दहन किया गया, अपने संदेश में एसपी सिंह, डॉ. पीएल साव, धीरज लाल ने बताया कि तंबाकू के सेवन क्षय रोग, हृदय रोग, उदर रोग, नेत्र रोग सहित अनेक बीमारियों उत्पन्न होती है। युवाओं को तंबाकू जैसे नशीले पर्दार्थ की सेवन से बचना है तभी हमारा देश विकसित व सभ्य देश बन पायेगा। मोहन उमरे ने बताया कि गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने भी व्यसन मुक्त भारत की परिकल्पना की थी और लोगो को इस दिशा में कार्य करने के लिए सदैव प्रेरित करते रहे। वर्तमान में प्रणय पंड्या, शैलजी और डॉ. चिन्मय पंड्या के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर नशा मुक्त भारत कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। कार्यक्रम में एसपी सिंह, राजेन्द्र रजक, ज्ञानी शाह, अशोक यादव, राजू झंडाकर, डोमन प्रसाद यादव, भूपेन्द्र मेश्राम, धीरज लाल टांक, रामस्वरूप साहू, मोहन उमरे, पृथ्वीपाल साहू, रामाधार महिलांग, गिरधारी लाल साहू, डॉ. पीएल साव, डॉ वायके साहू, टीकम चंद्राकर, डॉ. कामता प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद साहू, सोरी, शिवप्रसाद वस्त्रकार आदि मौजूद थे।

## गुड बाय टेंशन शिविर कल से

# युवा वर्ग, शिक्षा, चिकित्सा और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 पीस ऑडिटोरियम में 3 से 11 जून तक प्रतिदिन शाम 7 से साढ़े 8 बजे तक आयोजित 9 दिवसीय अलविदा तनाव\(गुड बाय टेंशन) शिविर के लिए अब तक बड़ी संख्या में विशेष रूप से युवा वर्ग, शिक्षा, चिकित्सा एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक निशुल्क रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। राजयोग भवन, अंतर्दिशा भवन में बने 2 रजिस्ट्रेशन डेस्क में सुबह 7 बजे से रात्रि साढ़े 9 बजे तक और क्यू आर कोड के माध्यम से भी निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते है। इस शिविर का संचालन तनाव मुक्ति एवं आध्यात्मिक जीवन की विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन के सान्निध्य में होगा। विगत 20 वर्षों से अधिक ब्रह्माकुमारी पूनम के द्वारा अब तक देशभर में अनगिनत लोगों ने इस शिविर से लाभ उठाया है और अपने जीवन में प्रसन्नता, सुख और शांति का अनुभव किया है। अलविदा तनाव शिविर में प्रमुख रुप से मनोस्थिति को शक्तिशाली बनाना, सकारात्मक सोच के प्रभाव से जीवन में रूपांतरण तनाव, जो अनेक बीमारियों का मूल कारण है, उससे मुक्ति के लिए मार्गदर्शन आत्म-परिवर्तन की प्रेरणा और आ ध या ि त्म क जागरूकता एवं उत्सवों की श्रृंखला के अंतर्गत परिवर्तन उत्सव, खुशियों का उत्सव, ध्यान उत्सव, अ लौ कि क जन्मोत्सव, आनंद उत्सव, महाविजय उत्सव मुख्य रहेंगे। ब्रह्माकुमारी पूनम संपूर्ण मौन में ईश्वरीय महावाक्यों का गहन अध्यन करके अलविदा तनाव शिविर के दौरान ही सभा को संबोधित करती है, जिससे उनकी शक्तिशाली वाणी के ओज से सभी को सहज ही तनावमुक्त स्थिति की अनुभूति होकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।




## सिटी लाइव

# पोस्टर, निबंध और स्लोगन से तंबाखू और निकोटीन उद्योग की दिखाई सच्चाई



**भिलाई।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय जामगांव आर में तंबाकू और तंबाकू जन्य उत्पादों को प्रयोग ना करने की जागरूकता के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टर, निबंध और स्लोगन दवरा अपने विचार प्रकट किए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शिखा अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों और स्टाफ के सदस्यों को भी इसके सेवन से दूर रहने की सलाह देते हुए इससे होने वाले गम्भीर परिणामों को भी बताया। उन्होने महाविद्यालय परिसर को तंबाकू जन्य उत्पादों के सेवन से मुक्त करने के लिए शिकायत तथा सूचना तंत्र भी विकसित किया। एजुकेशन विशेषज्ञ के रूप मे शालिनी पांडे ने तंबाकू के दुष्प्रभावों को बताया। रा से यों प्रभारी चेतना सोनी ने डब्ल्यूएचओ की थीम के अनुसार तंबाकू और निकोटीन उत्पाद बनाने वाली कंपनीज के बहिष्कार करने की अपील की।

## सद्गुरु कबीर दर्शन केन्द्र में शोध एवं सेवा संस्थान उमरपोटी में शिविर का समापन

# नाट्य कला, संगीत, नृत्य व कई विधाओं की एक्पर्ट ने सिखाई बारीकियां, बच्चों ने दी धमाकेदार प्रस्तुति



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सद्गुरु कबीर दर्शन केन्द्र शोध एवं सेवा संस्थान उमरपोटी में बच्चों में कला-संस्कृति के प्रति रूचि जगाने प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसका कल समापन हुआ। इस शिविर में प्रतिदिन बच्चों को नाट्य कला, संगीत, नृत्य के एक्सपर्ट द्वारा इन सभी विधाओं की बारीकियां सिखाई गई। समापन अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कलाओं में प्रशिक्षण प्राप्त धमाकेदार प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में समाजसेवी सेवक राम वर्मा और वरिष्ठ कला प्रशिक्षक अनिता उपाध्याय और महन्त वल्लभ दास विशेष रुप से उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत सद्गुरु कबीर की आरती के साथ हुई। अतिथियों का सम्मान कबीर शोध - साहित्य भेंट कर किया गया।



### मार्मिक नाटक की दी प्रस्तुति

मानिकपुरी पनिका समाज और कला-साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ द्वारा जेएमसी लाइव बैंड के संयोजन में आयोजित शिविर में कला विशेषज्ञ द्वारा नियमित रूप से बच्चों को जरूरी टिप्स भी दिए गये। समापन समारोह में लगातार 15 प्रशिक्षण सत्रों में संगीत, साहित्य एवं विविध कलाओं में प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं द्वारा धमाकेदार प्रस्तुति दी गई। प्रशिक्षण लेने वाले 72 प्रशिक्षुओं में से 26 प्रशिक्षुओं दवरा शुरुआत में मंचीय प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराहा। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले और इसके बाद देश में निर्मित हालातों की थीम पर मार्मिक नाटक की प्रस्तुति दी।

### प्रशिक्षक हुए सम्मानित

इस दौरान नाट्य विधा के विशेषज्ञ प्रशिक्षक मणिमय मुखर्जी, विभाष उपाध्याय, पी पी विश्वास, प्रदीप चटर्जी, सारथी चक्रवर्ती, संगीत प्रशिक्षक बरुण चक्रवर्ती, गौतमी चक्रवर्ती, समीर चक्रवर्ती, बी डी आमोस, पार्थो चक्रवर्ती, साई चक्रवर्ती, ताल एवं तंतु प्रशिक्षक साई चक्रवर्ती, ढोलक संगीतकार संतोष निषाद, नृत्य प्रशिक्षक बाली, ड्राइंग पेंटिंग अखिलेश वर्मा, मूर्तिकला अंकुश देवांगन, प्रबन्धक सेवा के लिए कंवल दास मानिकपुरी, विमल दास मानिकपुरी और संस्कृति वर्मा को उत्कृष्ट उद्घोषणा के लिए स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सद्गुरु कबीर दर्शन के संगीत-साहित्य विधा के निर्देशक मुकुन्द दास मानिकपुरी द्वारा समारोह का संचालन और कार्यकारिणी सदस्य ध्रुव दास बघेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

# चेस में छत्तीसगढ़ की महिला शतरंज टीम दूसरे स्थान पर



**रायपुर।** केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज चेस प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन पेडेम स्टेडियम मापुसा गोवा में संपन्न हुआ। इस चेस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला शतरंज टीम ने 19 टीमों में से दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसमें रायपुर से रीता चौबे, सोनिया भगत रायगढ़, आरती पावले बिलासपुर, राजेश्वरी ध्रुवंशी महासमुंद, अफ़शा परवीन राजनांदगांव और लक्ष्मी शुक्ला जशपुर की महिला खिलाड़ियों ने अपना वर्चस्व बनाए रखा। कुल 6 राउंड की इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने 9 अंकों के साथ रजत पदक प्राप्त कर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया। साथ ही महिला टीम के खिलाड़ी में से राजेश्वरी ध्रुवंशी ने चौथे बोर्ड एवं अफशा परवीन ने पांचवे बोर्ड का स्वर्ण पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ चेस टीम के कोच टीएन रेड्डी एवं मैनेजर वैष्णवी साहू रहे।

विदित हो कि इससे पूर्व छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने रांची में (2019-20) स्वर्ण पदक, दिल्ली में(2021- 22) कांस्य पदक, भुनेश्वर में (2022-23) रजत पदक प्राप्त कर राज्य का मान बढ़ाया है। हम इन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। महिला वर्ग में केरल ने प्रथम, एवं सीएस दिल्ली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# टिकेश्वरी साहू का रायपुर एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत



**रायपुर।** अंटालिया (टर्की) में आयोजित आईएफएमए वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर लौटी खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा की कोच कुमारी टिकेश्वरी साहू का रायपुर विमानतल पर म्यू थाई संघ द्वारा शानदार स्वागत किया गया। यह जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि इस अवसर पर राज्य म्यू थाई संघ के महासचिव अनीस मेमन, अंतराष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ी विशाल हियाल एवं अमन यादव (भाजपा खेल एवं कला प्रदेश प्रमुख), राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं आदि शक्ति नारी उन्नयन संस्थान - रायपुर की अध्यक्ष अन्नू कंवर, राष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ीगण मानसी तांडी, प्रियंका साहू एवं परिवार के सदस्य आदि उपस्थित थे। विमानतल तल के अलावा मोहल्ला वासियों ने गंगा नगर भनपुरी स्थित घर पर टिकेश्वरी साहू का परंपरागत रूप से स्वागत सम्मान किया गया।

उल्लेखनीय है कि टिकेश्वरी साहू उक्त अंतरराष्ट्रीय आयोजन में कांस्य पदक जीतने के अलावा ओएसएम कोर्स पूर्ण कर अंतरराष्ट्रीय कोच का दर्जा हासिल किया और वाए क्रू इवेन्ट के व्यक्तिगत और मिक्स इवेन्ट में प्रथम दस के अंदर रैंकिंग प्राप्त किया है। इस तरह चार उपलब्धि हासिल करने वाली टिकेश्वरी साहू छत्तीसगढ़ की प्रथम खिलाड़ी है।

# हिमाचल की मनपसंद डिश प्याज की मिनी कचौरी, बनाएं घर में

समय के साथ सामुदायिक जीवन विकसित हुआ है, जहां संयुक्त परिवार धीरे-धीरे अधिक स्वतंत्र जीवनशैली की ओर बढ़े हैं। अलग-अलग आकांक्षाएं और अवसर परिवार के सदस्यों को दूर ले जाते हैं, लेकिन समुदाय का मूलभाव हमेशा जीवंत बना रहता है। जहां भी हम बसते हैं, हमें साथी मिलते हैं दोस्त, परिवार के मित्र या दूर के रिश्तेदार, जो हमारे सहारे बनते हैं, हमारे साथ हंसी, दुख और रोजमर्रा के पल साझा करते हैं।

**प्याज की मिनी कचौरी रेसिपी :**

**सामग्रीः** आटे के लिए-1/2 कप मैदा, 1/2 कप गेहूं का आटा, 1 चुटकी बेकिंग सोडा, 2 टेबलस्पून गर्म तेल, स्वादानुसार नमक, आवश्यकतानुसार पानी

**भरावन के लिएः** 3 मध्यम आकार के प्याज बारीक कटे हुए, 1 टीस्पून जीरा, 1/2 टीस्पून कलौंजी, 1/2 टीस्पून सौंफ दरदरी पीसी हुई, 1 टीस्पून कसूरी मेथी, 1/4 टीस्पून हींग, 1 टीस्पून गर्म मसाला, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून अमचूर पाउडर, 1 टीस्पून काली मिर्च, दरदरी पीसी हुई, 2 टहनी हरा धनिया कटा हुआ, स्वादानुसार नमक, तलने के लिए तेल।

**भरावन तैयार करेंः** एक पैन में 2 टेबलस्पून तेल गर्म करें। उसमें हींग डालें और कुछ सेकंड तक भूनें। जीरा डालें और लाल मिर्च पाउडर और कटा हुआ प्याज मिलाएं। प्याज को हल्का भूरा होने तक भूनें। अमचूर पाउडर, सौंफ, कलौंजी, धनिया पाउडर, काली मिर्च, गर्म मसाला डालें और अच्छी तरह मिलाएं। कसूरी मेथी और हरा धनिया डालें। ठंडा होने दें, फिर नमक डालें।

## कैल्शियम की पूर्ति के लिए बच्चों से लेकर बूढ़े तक इन दो फूड्स एंड ड्रिंक्स को रोजाना पिएं

# मिलावटी दूध नहीं पीते तो इस ड्रिंक को शुरू कर दें लेना, न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया हड्डियां होंगी

काफी सारे लोग दूध पीना पसंद नहीं करते। वहीं पैकेट वाले मिल्क को पीने के लिए काफी सारे हेल्थ एक्सपर्ट भी मना करते हैं क्योंकि इसमे कई तरह की मिलावट रहती है। लेकिन दूध हेल्थ के लिए जरूरी होता है क्योंकि दूध को कैल्शियम का रिच सोर्स माना जाता है। लेकिन अगर आप अपने बच्चों और खुद भी मिलावटी दूध नहीं पिलाना चाहती हैं तो कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए इन फूड्स एंड ड्रिंक का सहारा ले सकती हैं। न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया कि कैल्शियम की कमी को पूरा किया जा सकता है। अगर किसी को कैल्शियम की कमी हो रही है तो उसे इन दो फूड्स एंड ड्रिंक्स को जरूर पीना चाहिए।




### धनिया-पुदीना की ड्रिंक

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करना है और कैल्शियम रिच फूड्स खाने हैं तो धनिया और पुदीना की ताजी पत्तियों से बने रस को पिएं। श्वेता बताती हैं कि इस ड्रिंक में एक गिलास दूध से तीन गुना ज्यादा कैल्शियम है। इसे आप अपने बच्चों को भी पिला सकते हैं।

### सहजन

दूसरा फूड जो कैल्शियम रिच है और हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करेगा वो है सहजन। सहजन यानी ड्रमस्टिक की दो फलियों को उबालकर रोजाना खाने से बोन डेंसिटी बढ़ती है। खासतौर पर बढ़ती उम्र में जब महिलाओं को ऑस्टिपोरोसिस होने का खतरा रहता है तो उन्हें सहजन यानी ड्रमस्टिक की फलियों को जरूर खाना चाहिए।

### ड्रमस्टिक का सूप

सहजन और सैलरी को उबालकर सूप भी तैयार किया जा सकता है। पानी में एक सहजन की फली और आधी सैलरी की स्टिक को उबालें। साथ में स्वादानुसार नमक, काली मिर्च और नींबू का रस मिला दें। कुकर में उबालकर इसका पेस्ट बना लें और फिर छान लें। नमक और काली मिर्च डालकर थोड़ा सा उबालकर गाढ़ा कर लें। तैयार है हेल्दी सूप, इसे पीने से शरीर को कैल्शियम भरपूर मात्रा में मिलता है और हड्डियां मजबूत होती है।



# स्मोकिंग की लत को कम करने में मदद करते हैं ये 4 नेचुरल तरीके

वर्ल्ड नो टोबैको डे 31 मई को दुनियाभर में मनाया गया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के बुरे प्रभाव के बारे में जागरुक करना और इस्तेमाल को रोकना है। बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू और गुटखा खाने से फेफड़ों से लेकर दिल तक की बीमारियों का खतरा रहता है। वहीं कैंसर जैसी गंभीर बीमारी तंबाकू की वजह से लोगों को शिकार बना रही है। खासतौर पर स्मोकिंग खुद के साथ ही दूसरों को भी हार्म करती है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या स्मोकिंग और तंबाकू की लत को छुड़ाने की है। काफी सारे लोग जो तंबाकू की लत को छुड़ाना चाहते हैं उनका मानना है कि ये काफी मुश्किल है। ऐसे में कुछ नेचुरल रेमेडी और हर्ब्स स्मोकिंग की लत को छुड़ाने में मदद करेगी। स्मोकिंग की लत को छुड़ाने में इन नेचुरल रेमेडी का सहारा लिया जा सकता है

### एक्यूपंचर थेरेपी

2012 में हुई स्टडी के मुताबिक एक्यूपंचर की मदद से स्मोकिंग की लत में कमी आती है। दरअसल, कान के पास मौजूद खास एक्यूपंचर प्वाइंट जो वेगस नर्व्स के सबसे करीब होती है, पर प्रेशर डालने से स्मोकिंग की लत पर असर होता है। एक्यूपंचर की मदद से ट्रीटमेंट करने पर स्मोकिंग ना करने से होने वाली दूसरी समस्याओं जैसे सिर दर्द, माइग्रेन,मायोफेशियल दर्द जैसी समस्या में राहत मिलती है।



### इन हर्ब्स से स्मोकिंग की लत से मिलती है राहत


**लेवेंडर ऑयल :** लेवेंडर ऑयल में लिनालूल और लिनालिल कंपाउंडर होते हैं जो स्मोकिंग की लत को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। लगातार स्मोक ना करने की वजह से होने वाले सिर दर्द और नींद ना आने की समस्या में लेवेंडर ऑयल राहत देता है। वहीं जो लोग स्मोकिंग छोड़ना चाहते हैं उन्हें कंसन्ट्रेशन में दिक्कत होती है। इससे राहत पाने में अरोमाथेरेपी में लेवेंडर ऑयल का इस्तेमाल फायदेमंद रहता है।

**काली मिर्च :** काली मिर्च का इस्तेमाल स्मोकिंग की लत छुड़ाने में भी मदद करता है। स्मोकिंग ना करने पर इंसान को घबराहट, बेचैनी और एंजायटी होने लगती है। ऐसे में काली मिर्च ऑयल इन दिक्कतों को कम करने में मदद करता है। ब्लैक पेपर ऑयल को इनहेलर में लेकर सूंघने से असर होता है। वहीं इस एसेंशियल ऑयल को सीने पर लगाने से स्मोकिंग की लत कम होती है। काली मिर्च के तेल का अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल निकोटिन की लत को छुड़ाने में मदद करता है।

**नींबू :** नींबू के रस का स्मोकिंग पर कितना असर होता है। इस बारे में और ज्यादा रिसर्च की जरूरत रहती है। लेकिन ताजे नींबू के रस को पीने से निकोटिन की तलब कम होती है।

# 5 जून से चमक सकता है इन राशियों का भाग्य, गुरु और शुक्र बनाएंगे लाभ दृष्टि

वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह समय- समय पर अन्य ग्रहों के साथ युति बनाते हैं। जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश-दुनिया पर पड़ता है। आपको बता दें कि 5 जून शुभ ग्रह शुक्र और गुरु एक दूसरे से 60 डिग्री की कोणीय स्थिति पर स्थित होंगे। इन दोनों ग्रहों की इस कोणीय योग को लाभ योग या लाभ दृष्टि योग कहते है। ऐसे में इन दोनों ग्रहों की लाभ दृष्टि से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों को आकस्मिक धनलाभ के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं



**धनु राशि :** आप लोगों के लिए गुरु और शुक्र की लाभ दृष्टि लाभकारी सिद्ध हो सकती है। इस दौरान नौकरी में प्रमोशन और बिज़नेस में लाभ होने के पूरे योग हैं। स्टूडेंट्स को पढ़ाई में सफलता मिलेगी। नए प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए भी यह समय शानदार है। वहीं इस अवधि में कोई रुका हुआ भुगतान प्राप्त हो सकता है या धन का नया स्त्रोत बन सकता है। उच्च शिक्षा या विदेश से जुड़े कार्यों में प्रगति के संकेत हैं। साथ ही इस दौरान आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। वहीं आप धन की सेविंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ राशि :** गुरु और शुक्र की लाभ दृष्टि कुंभ राशि के लोगों को सकारात्मक साबित हो सकती है। इस अवधि में आपकी आय़ में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। साथ ही आय के नए- नए स्त्रोत बन सकते हैं। वहीं इस समय आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और अपनी बात को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता बढ़ेगी। साथ ही इस दौरान बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। वहीं नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है। इंक्रीमेंट और प्रमोशन हो सकता है।

**तुला राशि :** गुरु और शुक्र की लाभ दृष्टि तुला राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकती है। इस दौरान आपको व्यावसायिक साझेदारियों से लाभ होगा। इस समय सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ेगी और आकर्षण बढ़ेगा। साथ ही इस दौरान पढ़ाई और करियर में सफलता मिलेगी। धार्मिक या आध्यात्मिक कामों में मन लगेगा, जिससे आपको सुकून मिलेगा। वहीं इस समय आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। साथ ही इस समय आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं।

# सूखी हुई तुलसी के पौधा भी है बड़ी महत्व की चीज, सुख-शांति वैभव करता है प्रदान

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को पवित्र माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, जिस घर में तुलसी की पौधा होता है, तो वहां का माहौल सकारात्मक होता है। साथ ही घर में कभी भी सुख-समृद्धि की कमी नहीं होती है। लेकिन कई बार तुलसी सूख जाती है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि सूखी हुई तुलसी का क्या करना चाहिए।

### सूखी लकड़ी का दीपक जलाएं

सूखी तुलसी की छोटी-छोटी 7 लकड़ियां इकट्ठी कर लें। इसके बाद उन्हें एक साथ सूत से बांध दें। इसके बाद उन्हें घी में डूबों एक दीपक में रखकर भगवान विष्णु के सामने जला सकते हैं। कब करें ये उपाय- इस उपाय से भगवान विष्णु जल्द ही प्रसन्न होते हैं। इस उपाय को एकादशी या फिर किसी भी मास के कृष्ण या शुक्ल पत्र की त्रयोदशी तिथि के दिन कर सकते हैं।

### गंगाजल संग छिड़काव

तुलसी की सात लकड़ियों को एक साथ लेकर सूत से बांध लें। इसके बाद सप्ताह में एक बार इन्हें गंगाजल में डूबों दें। फिर पूरे घर में गंगाजल का छिड़काव कर दें। ऐसा करने से



नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएंगी।

### पर्स में रखें लकड़ी

तुलसी की 7 छोटी-छोटी लकड़ियों को बांधने के बाद उनकी पूजा करें और फिर इन्हें पर्स, तिजोरी या फिर धन वाले स्थान में रख दें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी अति प्रसन्न होती है।

### प्रवेश द्वार में टांगें

सूखी तुलसी की जड़ को निकाल लें। इसके बाद इन्हें धो लें और इसे किसी साफ कपड़े में करके प्रवेश द्वार में टांग सकते हैं। ऐसा करने से मां लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की असीम कृपा प्राप्त होगी।

### तुलसी की जड़ का करें ये उपाय

कुंडली से ग्रह दोष हटाने के लिए एक लाल रंग के कपड़े में थोड़ी सी सूखी तुलसी की जड़ रख लें और इसे गले या फिर बाजू में पहन लें। ऐसा करने से आपकी कुंडली में ग्रहों की स्थिति सही हो जाएगी।

## कार्नर न्यूज

## मसालेदार खाना पाइल्स रोग में जलन और दर्द को बढ़ा सकता है

# पाइल्स रोगियों को भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें, जानें किससे मिलेगा फायदा

पाइल्स, जिसे बवासीर के नाम से भी जाना जाता है, एक आम लेकिन बेहद तकलीफदेह समस्या है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति के मलद्वार के आसपास सूजन और दर्द बना रहता है। यह समस्या खासतौर पर खानपान पर ध्यान ना देने की वजह से होती है। कब्ज, कम फाइबर वाला आहार, स्पाइसी और फ्राइड चीजों का अधिक सेवन करने से पाइल्स की समस्या हो सकती है। ऐसे में विशेषज्ञ पाइल्स रोगियों को हमेशा फाइबर रिच, पानी की मात्रा से भरपूर और नेचुरल लुब्रिकेंट वाली चीजें खाने की सलाह देते हैं। जिससे मल नरम रहने के साथ दर्द में भी राहत मिले। क्या आप जानते हैं कई बार अनजाने में पाइल्स रोगी हेल्दी समझकर कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेते हैं, जो उनकी समस्या को कम करने की जगह और बढ़ा देती है। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि पाइल्स रोगियों को किन चीजों का सेवन करना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए।



### फाइबर युक्त आहार

पाइल्स रोगियों को फाइबर रिच आहार का सेवन करना चाहिए। फाइबर मल को नरम बनाकर मल त्याग की प्रकिया को आसान बनाता है, जिससे पाइल्स में राहत मिलती है। इसके लिए आप साबुत अनाज (जैसे ओट्स, ब्राउन राइस), दालें, मूंग, चना, सेब, नाशपाती, गाजर, ब्रोकली, पालक का सेवन कर सकते हैं। इन चीजों में मौजूद फाइबर कब्ज को रोककर आंतों को स्वस्थ बनाए रखता है।

### मसालेदार भोजन

मसालेदार खाना पाइल्स रोग में जलन और दर्द को बढ़ा सकता है। अधिक मिर्च-मसाले वाला भोजन गुदा क्षेत्र में जलन पैदा कर सकता है।

**प्रोसेस्ड और जंक फूड :** कम फाइबर वाले खाद्य पदार्थ जैसे पिज्जा, बर्गर, चिप्स, मैदा कब्ज की समस्या पैदा करते हैं। ये सभी चीजें मल को कठोर बनाते हैं, जिससे मल त्याग मुश्किल हो जाता है।

### प्रोबायोटिक्स

प्रोबायोटिक्स जैसे दही और मट्ठा, आंतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखते हैं। इनका सेवन पाचन को सुधारकर कब्ज को कम करता है।

**हल्के मसाले और तेल :** जैतून का तेल या अलसी का तेल पाचन को सुगम बनाता है। यह आंतों को चिकनाई प्रदान करने में मदद करता है।

**हाइड्रेटिंग खाद्य पदार्थ :** पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ कब्ज को रोकते हैं। बवासीर में फाइबर रिच फल तभी असर दिखाते हैं जब साथ में पर्याप्त मात्रा में पानी पिया जाए। पानी की कमी से फाइबर उल्टा कब्ज पैदा करके दर्द और सूजन की समस्या को बढ़ा सकता है।



### अधिक नमक वाला भोजन

पाइल्स रोगियों को अधिक नमक का सेवन भी नहीं करना चाहिए। बता दें, क्योंकि नमक पानी को अवशोषित करके मल को कठोर बना सकता है। नमकीन, अचार, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ पाइल्स रोगी की सेहत के लिए खराब होते हैं। यह कब्ज बढ़ाते हैं।

### नॉनवेज और हाई प्रोटीन

मांस और हाई प्रोटीन डाइट को पचाने में समय लगता है, जिससे कब्ज की शिकायत हो सकती है। जो पाइल्स रोगियों के लिए ठीक नहीं है।

### केला और अमरूद

कुछ फलों में टैनिन्स या सख्त फाइबर मौजूद होने से वो कब्ज की समस्या को बढ़ा सकते हैं। इस तरह के फलों में खासकर अधपके केले और बीजदार अमरूद शामिल होते हैं, जो मल को कठोर बनाकर दर्द और सूजन को बढ़ते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# बर्तन धोने का भी काम कर चुका है ये 'स्पाइडर मैन'



जब भी कभी स्पाइडर मैन जैसे सुपरहीरो का जिक्र होता है, तब जहन में हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड का नाम सबसे पहले जहन में आता है। टॉम हॉलैंड ने इस कैरेक्टर में ऐसी जान फूंकी है कि बच्चे तो टॉम को असल का स्पाइडर मैन समझ लेते हैं। टॉम ने यूं तो अपने करियर में कई किरदार निभाए हैं, लेकिन स्पाइडर मैन के नाम से उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलेरिटी मिली। दिलचस्प बात ये है कि टॉम सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं बल्कि भारत में भी काफी मशहूर हैं। टॉम हॉलैंड का जन्म 1 जून 1996 को इंग्लैंड के किंग्सटन में हुआ। बेशक वो भारत में पैदा नहीं हुए, लेकिन उन्हें हमेशा इंडिया से बेशुमार प्यार मिला, इसके पीछे कई दिलचस्प कारण हैं। चाहे वो मार्वल की फिल्मों में स्पाइडर-मैन के किरदार के लिए हो या सोशल मीडिया पर उनके चुलबुले अंदाज के लिए, भारतीय फैंस के दिलों में टॉम की खास जगह है। टॉम हॉलैंड ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (MCU) में स्पाइडरमैन वाले आइकॉनिक सुपरहीरो को इतने सहज और मजेदार तरीके से निभाया कि भारतीय दर्शकों ने उन्हें सिर-आंखों पर बिठा लिया। खासकर 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' और 'स्पाइडर-मैनः फार फ्रॉम होम' जैसी फिल्मों ने भारत में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की। भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

### टॉलीवुड

# मणिरत्नम की अनोखी प्रेम कहानियां, दिखी आतंकवादी से लेकर रावण तक की लव स्टोरी



तमिल सिनेमा में काम करने वाले मणिरत्नम ने हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा की फिल्में भी बनाई हैं। मणिरत्नम की फिल्मों का इंतजार दर्शक बड़ी ही बेसब्री से करते हैं। इन दिनों मणिरत्नम अपनी आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। जो उनके जन्मदिन के तीन दिन बाद यानी कि 5 जून को रिलीज हो रही है। फिल्म हिंदी भाषा में भी रिलीज की जाएगी। मणिरत्नम की अगर हिंदी फिल्मों या बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो भले ही उन्होंने कम फिल्में बनाई हैं, लेकिन उनका हिट का एवरेज काफी शानदार है। साउथ में काम करने वाले मणिरत्नम 1998 में एक हिंदी फिल्म लेकर आए 'दिल से', फिल्म में शाहरुख खान, मनीषा कोईराला और प्रीति जिंटा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आई हैं। यह एक लव स्टोरी है, जिसमें आतंकवाद के मुद्दे को भी मणिरत्नम ने बहुत ही सलीके से दिखाया है। फिल्म उस समय बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी, हालांकि, बाद में अब इसे बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। फिल्म को 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड समेत कई अवॉर्ड मिले थे। फिल्म के गाने आज भी लोगों की पसंद हैं और प्ले लिस्ट में शामिल हैं। 2004 में आई 'युवा' एक पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसे मणिरत्नम ने लिखा, प्रोड्यूस किया और डायरेक्ट किया है। यह मणिरत्नम की ही तमिल फिल्म 'आयथा एझुथु' का हिंदी रीमेक थी। इस मल्टीस्टारर फिल्म में अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, विवेक ओबेरॉय, करीना कपूर और रानी मुखर्जी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। अलग-अलग स्टोरी

### भोजपुरी

# संजना पांडेय और गौरव झा की फिल्म 'नारी' 6 जून को



भोजपुरी फिल्मों की टीआरपी क्वीन कही जाने वालीं संजना पांडेय नई फिल्म 'नारी' से धमाल मचाने आ गई हैं। इसमें उनका एक्शन अवतार नजर आएगा। फिल्म में गौरव झा भी हैं और यह 6 जून को रिलीज होगी। विश्वमूर्ति फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी एक्शन ड्रामा फिल्म 'नारी' 6 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म में लीड रोल में संजना पांडेय और गौरव झा नजर आएंगे। फिल्म में संजना पहली बार एक्शन अवतार में दिखाई देंगी। यह फिल्म महिला सशक्तिकरण की सोच को एक नई ऊंचाई देती है। भोजपुरी फिल्म 'नारी' के निर्माता संजय पांडेय और देवेंद्र बंसल हैं, जिन्होंने बताया कि यह फिल्म समाज में महिलाओं की ताकत और उनके संघर्ष को मजबूती से प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि आज की नारी हर चुनौती का डटकर सामना कर सकती है और यही फिल्म की मूल भावना है। फिल्म का निर्देशन सोम भूषण श्रीवास्तव ने किया है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म नारीत्व के सम्मान और आत्मबल पर केंद्रित है। फिल्म में न केवल एक्शन है, बल्कि भावनाओं, संघर्ष और सामाजिक संदेशों का गहरा मिश्रण भी है। यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों से जुड़ने की ताकत रखती है। संजना पांडेय ने अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा कि इस फिल्म के जरिए उन्हें अपने एक्टिंग टैलेंट के एक नए पहलू को दिखाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर बनी यह फिल्म दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देगी। फिल्म 'नारी' में संजना पांडेय और गौरव झा के साथ किरण सिंह, निशा तिवारी, रामसुजान सिंह, के के गोस्वामी, मटरू, जय सिंह, सुबोध सेठ, शाइना सिंह, संजय मिश्रा, पिंकी सहाय, प्रदीप महादेव पवार, सहित कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत मुन्ना दुबे ने तैयार किया है, गीत प्यारेलाल यादव, राजेश मिश्रा और शेखर मधुर के हैं। फिल्म का म्यूजिक राजा यादव ने दिया है।

## लाइफ स्टाइल


### वामिका गब्बी ने जीता दिल

"वामिका गब्बी ने फ्लोरल प्रिंट में स्ट्रैप स्टाइल अनारकली सूट पहना है। उनका ये लुक स्टाइलिश लग रहा है। गर्मी के लिए इस स्टाइल का सूट परफेक्ट रहता है।



# गर्मियों में घुंघराले बालों को ज्यादा देखभाल की जरूरत, अपनाएं ये आसान हेयर केयर टिप्स

गर्मियों में घुंघराले बालों की देखभाल करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि इस मौसम में पसीना, धूल, उमस और धूप बालों को रूखा, बेजान और फ्रिज्ज़ी बना सकते हैं। लेकिन कुछ आसान घरेलू उपायों और सही हेयर केयर रूटीन से आप अपने घुंघराले बालों को हेल्दी और खूबसूरत बनाए रख सकती हैं। अगर आप इन आसान उपायों को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करेंगी तो आपके कर्ल्स न केवल खूबसूरत दिखेंगे बल्कि बालों की सेहत भी बनी रहेगी। आइए जानते हैं गर्मियों में घुंघराले बालों की देखभाल के आसान तरीके।



### हल्के शैम्पू का करें इस्तेमाल

गर्मी में पसीना और धूल बालों को चिपचिपा बना सकते हैं, लेकिन बार-बार हेवी शैम्पू करने से बाल रूखे हो जाते हैं। इसलिए सल्फेट-फ्री, माइल्ड शैम्पू से हफ्ते में 2-3 बार ही बाल धोएं। इससे बालों की प्राकृतिक नमी बनी रहेगी।

### डीप कंडीशनिंग

हर बार बाल धोने के बाद अच्छे कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें। हफ्ते में एक बार डीप कंडीशनिंग या हेयर मास्क लगाएं ताकि घुंघराले बाल मुलाय और सुलझे हुए रहें। घर पर हेयर मास्क तैयार कर सकती हैं, इसके लिए दही में शहद और नारियल तेल मिलाकर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें।

### गर्म पानी से न धोएं, कॉटन से सुखाएं

हमेशा गुनगुने या ठंडे पानी से बाल धोएं। गर्म पानी बालों की नमी चुरा लेता है और कर्ल्स डल लगने लगते हैं। तौलिया या कॉटन टी-शर्ट से सुखाएं बाल-बालों को पोंछने के लिए माइक्रोफाइबर तौलिया या पुरानी कॉटन टी-शर्ट का इस्तेमाल करें। इससे फ्रिज कम होता है और बालों का टेक्सचर बना रहता है।

### तेज धूप से बचाएं बाल

धूप में निकलते समय बालों को स्कार्फ, हैट या कैप से ढकें। यूवी किरणें बालों को नुकसान पहुंचा सकती हैं और कर्ल्स बेजान लग सकते हैं।

# बनारसी साड़ी को नए अंदाज में करें कैरी लुक देखकर लोग नजरें नहीं हटा पाएंगे

फैशन





साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे महिलाएं हर मौके पर पहनना पसंद करती हैं। बात करें साड़ियों के टाइप की तो ज्यादातर महिलाओं को बनारसी साड़ी पसंद आती है। उत्तर प्रदेश के बनारस में बनने वाली ये बनारसी साड़ी शादी-विवाह से लेकर पूजा-पाठ के मौके के लिए भी सबसे सही विकल्प मानी जाती हैं।

महिलाएं तो बनारसी साड़ी को बड़े चाव से पहनती हैं, लेकिन युवा लड़कियों को पारंपरिक परिधान में मॉडर्न टच देना पसंद आता है। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपनी पुरानी बनारसी साड़ी को अलग और नए अंदाज में कैरी कर सकती हैं। इससे आपको पुरानी से पुरानी साड़ी भी दोबारा नए तरह से इस्तेमाल हो जाएगी।

**सिंपल ब्लाउज को करें ना :** यदि आप अपनी बनारसी साड़ी को अलग और नए अंदाज में कैरी करना चाहती हैं तो सिंपल से ब्लाउज को टाटा कहकर उसकी जगह क्रॉप टॉप को स्टाइल करें। ग्लैमरस लुक चाहिए तो बनारसी साड़ी के साथ कोर्सेट स्टाइल का ब्लाउज कैरी करें। वन-शोल्डर ब्लाउज भी आपके बनारसी साड़ी लुक को अलग और नया बनाने में मदद करेगा।

**आजकल चल रहा केप का ट्रेंड :** आजकल महिलाओं के बीच केप का काफी ट्रेंड है। केप हर तरह के आउटफिट के साथ अच्छा लगता है। साड़ी के पल्लु को अच्छी तरह से ड्रेप करके अगर आप केप पहनेंगी तो आपका अंदाज काफी अलग और नया लगेगा। इसके लिए मैचिंग की जगह एक दम कॉन्ट्रास्ट का केप खरीदें, ताकि उसका लुक अच्छा दिखे।

**बेल्ट लगाएं :** बॉस लेडी लुक कैरी करना है तो आप साड़ी के साथ लेदर बेल्ट लगा सकती हैं। लेदर बेल्ट की वजह से आपका लुक काफी अलग और स्टाइलिश दिखेगा। ध्यान रखें कि ये बेल्ट आउटफिट से मैच खाती हो। इसके साथ ज्यादा चौड़ी बेल्ट का इस्तेमाल तो कतई न करें।

**धोती स्टाइल में पहनें :** यदि सिंपल साड़ी पहनते-पहनते आप बोर हो गई हैं तो अपनी खास बनारसी साड़ी को धोती स्टाइल में पहनें। धोती स्टाइल में साड़ी पहनने से आप सजह भी रहेंगी, और बार-बार आपको इसके खुलने का डर भी नहीं होगा।

**ज्वेलरी को रखें अलग :** ज्यादातर महिलाएं बनारसी साड़ी के साथ पारंपरिक ज्वेलरी कैरी करना पसंद करती हैं, लेकिन यदि आपको अपना लुक अलग रखना है तो टिपिकल एथनिक ज्वेलरी की जगह कुछ अलग हटकर पहनें। बोहो ज्वेलरी, ऑक्सीडाइज ज्वेलरी जैसे विकल्प भी आपके लिए अच्छे रहेंगे।

# लहंगे-साड़ी में असली हैंड वर्क की कैसे करें पहचान.... जान लें ये बातें

शादी में पहनने वाला लहंगा और साड़ियां काफी महंगी आती हैं। खासतौर पर अगर जरी वाले लहंगे-साड़ी की तरफ नजरें उठा ली जाएं तो उनके दाम तो आसमान छूते हैं। जरी वाले लहंगे-साड़ी देखने में न सिर्फ खूबसूरत लगते हैं, बल्कि इन्हें पहनने से अंदाज एकदम शाही लगता है, लेकिन आजकल बाजार में जरी के हैंडवर्क के नाम भी मशीन के काम वाले आउटफिट, असली वर्क के नाम पर बेचे जा रहे हैं, जो बजट में भी आ जाते हैं।

**असली-नकली जरी में बिल्कुल फर्क नहीं :** ज्यादातर लोगों तो असली और नकली जरी के वर्क में फर्क पता नहीं लग पाता। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप आसानी से असली और नकली जरी वर्क की पहचान कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। यदि आप असली और नकली का फर्क जान जाएंगे तो आपके पैसे भी बर्बाद होने से बच जाएंगे।



### देखें धागे की अनियमितता

यदि आप हैंड वर्क का आउटफिट खरीदने जा रहे हैं, तो उसके धागे की अनियमितता देखें। ध्यान रखें कि मशीन से जो काम किया जाता है इसका पैटर्न एकदम एक जैसा होता है। यानी कि उसमें धागों की दूरी में एक समान होगी, जबकि यदि आउटफिट पर हाथ से काम किया गया है, तो धागे में अनियमितता ही इस बात का सबूत होती है कि आउटफिट पर हैंड वर्क है।


### काम को उलट कर देखें

आउटफिट खरीदने से पहले एक बार उलटकर चेक अवश्य करें। ध्यान रखें कि यदि किसी आउटफिट पर मशीन से काम किया गया है, तो उसमें बहुत सफाई होगी। धागे एक-दूसरे में बिल्कुल उलझे नहीं होंगे। जबकि हाथ से किए गए काम में धागे भी उलझे होंगे, और उसमें ज्यादा सफाई नहीं होती।

# ज्यादातर महिलाओं को नहीं पता होता लिपस्टिक चयन करने का सही तरीका

''यार तेरी लिपस्टिक तो बड़ी अच्छी लग रही है। इसका शेड नंबर बता मैं भी खरीद लुंगी........'' ऐसी बातचीत अक्सर सहेलियों और घर की महिलाओं के बीच होती रहती है। पर, क्या आप जानते हैं कि लिपस्टिक खरीदने का ये तरीका सबसे खराब माना जाता है। लिपस्टिक का चयन कभी भी किसी और को देखकर नहीं करना चाहिए।

ज्यादातर महिलाओं को लिपस्टिक खरीदने का सही तरीका पता ही नहीं है। इसलिए हम आपको परफेक्ट लिपस्टिक ढूंढने का सही तरीका बताएंगे। लेख में दी गईं टिप्स को फॉलो करके आप अपने लिए पसंदीदा और परफेक्ट लिपस्टिक का शेड पसंद कर सकती हैं।



**पहचानें अपनी स्किन टोन :** लिपस्टिक चुनने के लिए ये सबसे अहम स्टेप होता है। यदि फेयर स्किन है तो आप पर गुलाबी, पीच, मौवे, बेरी, लाल रंग की लिपस्टिक खूब जचेगी। यदि गेंहुआं रंग है तो रोज पिंक, मौवे पिंक, ब्रिक रेड और कोरल रंग की लिपस्टिक खूबसूरती को बढ़ा देगी। यदि आपका रंग गहरा है तो प्लम, डीप रेड, ब्राउन और बर्गंडी शेड की लिपस्टिक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**जगह का ध्यान रखें :** एक ही लिपस्टिक हर मौके के लिए सही नहीं रहती। हर जगह के लिए अलग-अलग रंगों की लिपस्टिक का इस्तेमाल किया जाता है। जैसे कि ऑफिस के हिसाब से न्यूड, पिंक, कोरल, लाइट मौवे रंग की लिपस्टिक महिलाओं के लिए परफेक्ट मानी जाती हैं। किसी पार्टी में जाना है तो वाइन, डीप मरून और चटक लाल रंग की लिपस्टिक का चयन करें। वहीं अगर पारंपरिक ट्रेडिशनल लुक कैरी करना है तो ब्रिक रेड, मैट मरून या फिर बर्गंडी रंग की लिपस्टिक को चुनें।

**समय का ध्यान रखना भी जरूरी :** स्किन टोन और जगह के साथ-साथ ये भी ध्यान रखना जरूरी है कि आप किस समय में लिपस्टिक कैरी करना चाहती हैं। जैसे कि दिन के समय हमेशा सॉफ्ट, लाइट, न्यूड और ग्लॉसी शेड्स बेहतर लगते हैं। वहीं अगर रात में लिपस्टिक कैरी करनी है तो डीप, बोल्ड और मैट फिनिश शेड्स आपकी खूबसूरती को निखारते हैं।

**मौसम भी देखें :** गर्मी के मौसम में ज्यादातर महिलाओं को मेकअप खराब होने का डर रहता है, ऐसे में इस मौसम में हमेशा मैट फिनिश की लिपस्टिक अच्छी लगती है, क्योंकि ये काफी हल्की होती है।

## कार्नर न्यूज

### सिल्क की साड़ी अपने आप में ही काफी रॉयल लुक देती है

# असली के नाम पर बाजार में बेचा जा रहा नकली सिल्क, ऐसे करें पहचान....?

सालों से सिल्क फैब्रिक महिलाओं के लेकर पुरुषों के लुक में रॉयल्टी जोड़ता आ रहा है। चाहे महिलाओं की साड़ी की बात करें, या फिर बात करें पुरुषों के कुर्तों की, सिल्क फैब्रिक हर किसी के लिए परफेक्ट माना जाता है। सिल्क फैब्रिक का ट्रेंड इतना ज्यादा है, कि इसे आप ऑफलाइन से लेकर ऑनलाइन तक आसानी से खरीद सकते हैं। पर, क्या आप जानते हैं आजकल ट्रेंड को देखते हुए लोग असली के नाम पर नकली सिल्क बेच रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी सिल्क का आउटफिट खरीद रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें और असली सिल्क की पहचान करके ही इसे खरीदें। यहां हम आपको असली सिल्क की पहचान करने के लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं।



### धागा निकालकर जलाकर देखें

जब भी सिल्क की साड़ी खरीदने जाएं तो उसका निकला हुआ धागा तोड़कर उसे जलाकर देखें। यदि सिल्क फैब्रिक असली होगा तो ये जलने पर बाल या ऊन जैसी महक देगा। जबकि अगर ये नकली होगा, तो इसे जलाने पर प्लास्टिक जैसी महक आएगी। इसका ये टेस्ट कहीं बाहर ही करें।

### असली सिल्क ठंडा व चिकना

असली सिल्क की पहचान आप छूने से भी कर सकते हैं। ये बात ध्यान रखें कि असली सिल्क को छूने पर वह ठंडा और चिकना लगता है। जबकि यदि आप नकली सिल्क को छुएंगे तो ये प्लास्टिक जैसा महसूस होगा। ये काफी गर्म भी रहता है।

### रगड़ते ही गर्माहट देता है असली सिल्क

असली सिल्क वैसे तो ठंडा होता है, लेकिन जब इसे रगड़ा जाएगा, तो ये हल्की गर्माहट का एहसास देता है। जबकि यदि आप नकली सिल्क का इस्तेमाल करेंगे तो इससे गर्माहट नहीं होती है। नकली सिल्क को छूने से गर्मी लगती है।

### धूप में चमक देखें

सिल्क फैब्रिक की साड़ी खरीदने जा रहे हैं, तो एक बार इसे धूप में चेक करें। दरअसल, जो असली सिल्क होता है वो धूप में हल्का चमकता है और आपको ये एहसास दिलाता है, कि उसका रंग बदल रहा है। जबकि नकली सिल्क की चमक धूप में काफी ज्यादा हो जाती है, और उसमें रंग भी नहीं बदलता।



### वाटर टेस्ट करें

असली सिल्क की पहचान करने के लिए आप वाटर टेस्ट भी करके देख सकते हैं। इसके लिए सिल्क पर थोड़ा सा पानी डालें। यदि ये असली होगा तो इसका पानी जल्दी सूख जाएगा। जबकि अगर ये नकली होगा तो इसपर पानी ठहर जाता है, या फिर इसपर पानी का भी निशान आ जाता है।

### इस बात का भी ध्यान रखें

सिल्क की साड़ी काफी महंगी आती है, इसलिए कोशिश करें कि इसे किसी ऐसी दुकान से ही खरीदें जो भरोसेमंद हो। अगर ऑनलाइन खरीद रहे हैं, तो ग्राहक रिव्यू और रिटर्न पॉलिसी जरूर देखें, ताकि अगर आपको ये पसंद न आए तो इसे वापस कर सकें।